MPHIN/2021/83938



# दैनिक पुष्पांजली टुडे



नई सोच नई पहल

ग्वालियरः वर्षः4 : अंकः 40 | ग्वालियर, मंगलवार 22 अक्टूबर 2024 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए

## सरकार किसी से भेदभाव नहीं करतीः मोदी

### प्रधानमंत्री ने काशी से पूरे देश को 6,611.18 करोड़ की कुल 23 परियोजनाओं की दी सौगात

### 3,200 करोड़ रुपये से अधिक की 16 विकास परियोजनाएं वाराणसी को दी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दीपावली से पूर्व रविवार को अपने संसदीय क्षेत्र काशी से पूरे देश को 6,611.18 करोड़ की कुल 23 परियोजनाओं की बड़ी सौगात दी। इन परियोजनाओं में 3,200 करोड़ रुपये से अधिक की 16 विकास परियोजनाएं वाराणसी के लिये हैं। इस दौरान प्रधानमंत्री ने स्वास्थ्य, शिक्षा, खेल, धर्म, पर्यटन से रोजगार, आवास और विमानन जैसी कई सुविधाओं का लोकार्पण किया। सिगरा स्थित खेल स्टेडियम में प्रधानमंत्री ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की मौजूदगी में रीवा एयरपोर्ट के नए टर्मिनल भवन, मां महामाया एयरपोर्ट, अंबिकापुर के नए टर्मिनल भवन, सरसावा एयरपोर्ट में 'ए' सिविल एन्क्लेव का लोकार्पण और बागडोगरा एयरपोर्ट में नए सिविल एन्क्लेव,दरभंगा एयरपोर्ट में नए सिविल एन्क्लेव,आगरा एयरपोर्ट में नए सिविल एन्क्लेव के लिए वर्चुअल आधारशिला रखी।



### परिवारवादी सबसे ज्यादा नुकसान युवाओं का कर रहे हैं: पीएम

**पीएम** ने कहा कि अयोध्या में भव्य राम मंदिर बनेगा। आज अयोध्या में लाखों लोग रामलला का दर्शन करने जा रहे हैं। महिलाओं को आरक्षण, तीन तलाक से मुक्ति का काम हमारी सरकार ने किया है। एनडीए सरकार ने ही बिना किसी का हक छीने गरीबों को दस प्रतिशत आरक्षण दिया है। इसलिए ही देश लगातार हमें आशीर्वाद दे रहा है। हरियाणा में लगातार तीसरी बार हमारी सरकार बनी। कश्मीर में भी रिकॉर्ड वोट मिले हैं। परिवारवादी सबसे ज्यादा नुकसान युवाओं का कर रहे हैं। हमने प्रण लिया है कि एक लाख ऐसे राजनीति में लाऊंगा जिनके परिवार का राजनीति से कोई लेना देना नहीं है।

साथ ही उन्होंने वाराणसी एयरपोर्ट के विस्तारीकरण और नए टर्मिनल भवन और कस्तूरबा गांधी विद्यालय आराजीलाइन में एकेडमिक ब्लॉक व गर्ल्स हॉस्टल के निर्माण के लिए आधारशिला रखी। इस दौरान आयोजित विशाल जनसभा में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज का दिन बहुत ही शुभ है।

अभी मैं आंखों के एक बड़े अस्पताल का लोकार्पण करके आया हूं। शंकरा नेत्र अस्पताल से बुजुर्गों और बच्चों को बहुत मदद मिलने वाली है।

### काशी को मॉडर्न सिटी बनाने का सपना तो हम सबने साथ मिलकर देखा है: मोदी

**पीएम** मोदी ने कहा कि बाबा विश्वनाथ के आशीर्वाद से अब यहां हजारों करोड़ों रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है। आज उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में अलग-अलग एयरपोर्ट का शुभारंभ हुआ है। कुल मिलाकर देखें तो आज शिक्षा, कौशल-विकास, खेल, स्वास्थ्य, पर्यटन, हर क्षेत्र की परियोजनाएं वाराणसी को मिली हैं। ये सारी परियोजनाएं सुविधा के साथ-साथ देश के नौजवानों के लिए रोजगार के अनेक नए अवसर लेकर आई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अयोध्या में एक भव्य इंटरनेशल एयरपोर्ट राम भक्तों का स्वागत कर रहा है। एक समय था जब यूपी की सड़कें खस्ताहाली के लिए जानी जाती थी। पहले सरकारों में लाखों-करोड़ों के घोटालों की चर्चा छाई रहती थी। वर्ष 2014 के बाद यूपी की सड़कें बन रही हैं। सड़कें चमचमा रही हैं। आज सवा सौ दिन में ही 15 लाख करोड़ के काम शुरू होने की चर्चा घर-घर में हो रही है। यही बदलाव है। उन्होंने कहा कि काशी नगरी के विकास और विरासत को लेकर काम किया जा रहा है। वाराणसी का सांसद होने के नाते भी मैं जब यहां कि प्रगति देखता हूं तो संतोष होता है।

मोदी ने कहा कि काशी को शहरी विकास की मॉडर्न सिटी बनाने का सपना तो हम सबने साथ मिलकर देखा है। एक ऐसा शहर जहां विकास भी हो रहा है और विरासत भी संरक्षित हो रही है। आज काशी की पहचान बाबा विश्वनाथ के भव्य और दिव्य धाम से होती है, रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर से होती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज काशी में रोप-वे जैसी आधुनिक सुविधा बन रही है। ये चौड़े रास्ते, ये गलियां, ये गंगा के सुंदर घाट सबका मन मोह रहे हैं। हमारा निरंतर प्रयास है कि हमारी काशी, हमारा पूर्वांचल व्यापार-कारोबार का और बड़ा केंद्र बने। इसलिए कुछ दिन पहले ही सरकार ने गंगा पर एक नए रेल-रोड ब्रिज के निर्माण को स्वीकृति दी है।

**हमारी सरकार किसी से भेदभाव नहीं करती**

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमारी सरकार किसी से भेदभाव नहीं करती। हम जो कहते हैं डंके की चोट पर करके दिखाते भी हैं।

## महाकुंभ : सुरक्षा में तैनात होंगे स्नाइपर्स और एनएसजी कमांडो

**विश्व के** सबसे बड़े सांस्कृतिक-धार्मिक आयोजन महाकुंभ 2025 को लेकर योगी सरकार तेज गति से तैयारियों को आगे बढ़ा रही है। प्रयागराज में अगले साल जनवरी माह में मकर संक्रांति पर्व से शुरू होने जा रहे महाकुंभ में पूरी दुनिया से आस्थावान हिन्दू पुण्य की डुबकी लगाने पहुंचेंगे। इसके साथ ही बड़ी संख्या में विश्वभर की बड़ी हस्तियां और राजनयिक भी इस आयोजन में शामिल होंगे। इसे देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर महाकुंभ में सुरक्षा के तगड़े बंदोबस्त किये जा रहे हैं। मेला क्षेत्र में जल, थल और नभ तक की सिक्योरिटी को फुलप्रुफ बनाया जा रहा है। ऐसे में योगी सरकार ने स्नाइपर, एनएसजी कमांडो, कमांडो स्क्वाड, एटीएस, एसटीएफ, बीडीडीएस और स्निफर डॉग आदि को तैनात करने का फैसला लिया है। मेला क्षेत्र में स्थापित की जाएगी बुलेट प्रूफ आउट पोस्ट

महाकुंभ मेला एसएसपी राजेश द्विवेदी ने बताया कि महाकुंभ पूरी दुनिया का सबसे बड़ा आयोजन और आस्था का केंद्र है। ऐसे में पूरी दुनिया से 40 करोड़ श्रद्धालुओं समेत विशिष्ट अतिथि महाकुंभ में आएंगे। इसको ध्यान में रखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को चाक चौबंद किया जा रहा है। इसी के तहत पूरे प्रयागराज, मेला क्षेत्र, प्रमुख स्थानों, मंदिरों और संगम पर विशेष फोर्स का तैनात किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कई देशों के राजनियक महाकुंभ में शिरकत करेंगे। ऐसे में एंटी ड्रोन सिस्टम का इस्तेमाल किया जाएगा। वहीं मेला क्षेत्र में कई जगह बुलेट प्रूफ आउट पोस्ट बनायी जाएगी। यह पोस्ट मेला क्षेत्र के सभी एंट्री, एग्जिट प्वाइंट, पार्किंग स्थल, प्रमुख मंदिर समेत अन्य स्थानों पर बनायी जाएगी। इसके अलावा एनएसजी कमांडो की 2 टुकड़ियां और 26 एएस चेक (एंटी सबोटाज) टीम तैनात की जाएगी। यह टीम पूरे शहर में चेकिंग आदि करेगी। एसएसपी ने बताया कि मेला क्षेत्र में एटीएस कमांडो की 4 और एसटीएफ की 3 टुकड़ियों को तैनात किया जाएगा। इतना ही नहीं बम खोज एवं निरोधक दस्ता बीडीडीएस की 6 टीमे भी मौजूद रहेंगी।

## विंध्य क्षेत्र में औद्योगिक विकास के नए अवसरों का केंद्र बनेगा रीवाः सीएम



**मुख्यमंत्री** डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि 23 अक्टूबर को रीवा में होने वाली प्रदेश की 5वीं रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव राज्य के साथ विंध्य क्षेत्र के औद्योगिक विकास को एक नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस मंच से उद्योग, व्यापार, पर्यटन, और कृषि क्षेत्रों को सशक्त बनाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे। इससे राज्य एवं विशेष रूप से विंध्य क्षेत्र में औद्योगिक उन्नति और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे, जो राज्य के समग्र आर्थिक विकास को सशक्त और सुदृढ़ करेगा।

**कॉन्क्लेव में बिजनेस प्रमोशन सेंटर**

जनसंपर्क अधिकारी बबीता मिश्रा ने रविवार को जानकारी देते हुए बताया कि रीवा इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में व्यापारिक और औद्योगिक हितधारकों के लिए बिजनेस प्रमोशन सेंटर की स्थापना की जा रही है, जहां 16 से अधिक प्रमुख सरकारी और निजी विभाग अपने उत्पादों, सेवाओं और नीतियों को प्रदर्शित करेंगे। इसका उद्देश्य व्यापार को सरल बनाने के साथ निवेशकों और उद्यमियों के बीच संवाद को बढ़ावा देना है, जिससे औद्योगिक वातावरण को सुदृढ़ किया जा सके। कॉन्क्लेव में एमपी इंडस्ट्रियल डेव्लपमेंट कॉरपोरेशन की प्रमुख भूमिका रहेगी। जो "ईज ऑफ डूइंग बिजनेस" के तहत व्यापारिक प्रक्रियाओं को सरल और सुगम बनाकर निवेशकों को व्यापार स्थापित करने में सहयोगी की भूमिका निभाएगा।

एमपी स्टेट इलेक्ट्रॉनिक डेव्लपमेंट कॉरपोरेशन राज्य के आईटी एवं ईएसडीएम उद्योग में विकास और निवेश के अवसरों को साझा करेगा। एमएसएमई विभाग सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों को प्रोत्साहन देने के लिए अपनी योजनाओं और सहायता कार्यक्रमों की जानकारी प्रदान करेगा, जिससे इन उद्यमों का राज्य के औद्योगिक ढाँचे में और भी मजबूत योगदान हो सके।

## वायु प्रदूषण को लेकर एक्शन में दिल्ली सरकार

### मुख्यमंत्री आतिशी और पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने वायु प्रदूषण के हॉटस्पॉट आनंद विहार का दौरा किया

**नई दिल्ली**

राजधानी दिल्ली की आबोहवा दिवाली से पहले ही बेहद खराब हो चुकी है। इस बीच, रविवार सुबह दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी और पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने वायु प्रदूषण के हॉटस्पॉट आनंद विहार का दौरा किया। यहां उन्होंने बस स्टेशन पर प्रदूषण की रोकथाम के लिए की गई व्यवस्थाओं का



जायजा लिया। इस दौरान दिल्ली में वायु गुणवत्ता खराब होने का कारण उत्तर प्रदेश से आने वाली बसों को बताया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आनंद विहार प्रदूषण के मामले में हॉटस्पॉट है। क्योंकि यहां विभिन्न राज्यों से बसें आती हैं। एनसीईआरटीसी आरआरटीएस परियोजना का निर्माण भी कर रही है। पास में कौशांबी का बस अड्डा है, वहां पर ज्यादातर बसें डीजल की हैं।

प्रदूषण से निपटने का हर उपाय दिल्ली सरकार ला रही है।

## राष्ट्रपति मुर्मु कल 5वां राष्ट्रीय जल पुरस्कार प्रदान करेंगी

**नई दिल्लीः** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु मंगलवार, 22 अक्टूबर को यहां के विज्ञान भवन में 5वां राष्ट्रीय जल पुरस्कार 2023 प्रदान करेंगी। एक सरकारी विज्ञप्ति में आज इसकी जानकारी दी गई। जल शक्ति मंत्रालय के तहत जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग ने 14 अक्टूबर 2024 को 09 श्रेणियों अर्थात सर्वश्रेष्ठ राज्य, सर्वश्रेष्ठ जिला, सर्वश्रेष्ठ ग्राम पंचायत, सर्वश्रेष्ठ शहरी स्थानीय निकाय, सर्वश्रेष्ठ विद्यालय या महाविद्यालय, सर्वश्रेष्ठ उद्योग, लिए संयुक्त विजेताओं सहित 38 विजेताओं की घोषणा की थी।

## रोहिणी में सीआरपीएफ स्कूल के पास धमाके का टेरर एंगल से हो रही जांच

दिवाली से पहले रोहिणी जिले के प्रशांत विहार स्थित सीआरपीएफ स्कूल की दीवार के पास तेज धमाका हो गया। धमाके के बाद चारों तरफ धुएं का गुबार छा गया। सूचना पर आनन-फानन में तमाम पुलिस अधिकारी मौके पहुंचे। त्योहार के पहले हुई इस घटना को टेरर एंगल से जोड़कर देखा जा रहा है। रोहिणी जिला पुलिस उपायुक्त अमित गोयल ने बताया कि धमाके के कारणों का पता लगाने के लिए एक्सपर्ट्स को बुलाया गया है। पुलिस के आला सूत्रों के मुताबिक स्कूल की दीवार



के साथ सफेद पाउडर मिला है। जो अमोनियम नाइट्रेट, पोटेशियम का मिक्सचर था। इस धमाके में छह तरह के केमिकल इस्तेमाल हुए हैं। क्रूड बम था। टेरर एंगल से इनकार नहीं किया जा सकता। विशेषज्ञ टीम ही स्थिति की स्पष्ट जानकारी दे पाएगी। दमकल विभाग के मुताबिक सुबह करीब 7: 50 बजे धमाके की जानकारी मिली थी।

**एक्सप्लोसिव एक्ट के तहत मामला दर्ज**

प्रशांत विहार पुलिस ने एक्सप्लोसिव एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस अधिकारी का कहना है कि जांच जारी है। जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। गृह मंत्रालय ने दिल्ली पुलिस से रोहिणी ब्लास्ट की रिपोर्ट मांगी है। ब्लास्ट टाइप की जानकारी अभी नहीं मिल सकी है। जिस समय धमाका हुआ, 50 मीटर की दूरी पर ही लव पूरी वाली शॉप पर करीब 25 लोग मौजूद थे।

## कठुआ जेल में बंद कैदी के वायरल वीडियो पर मचा हड़कंप

**कठुआ** में उसे वक्त सनसनी का माहौल बन गया जब गैंगस्टर अरूण चौधर उर्फ अबू जट जिसने सब इंस्पेक्टर दीपक की गोली मारकर हत्या कर दी थी और कठुआ जेल में बंद था ने एक वीडियो वायरल कर दिया।

वायरल वीडियो में जेलर सहित दो अन्य पुलिस कर्मियों के नाम लेकर दो लाख रूपेय देकर मोबाइल मुहैया करवाने की बात करता नजर आ रहे हैं। वहीं वीडियो वायरल होने के बाद एसपी जेल कठुआ ने पत्रकारों को बताया कि यह वीडियो कहां बनाया कब बनाया गया इसकी अभी पुष्टि नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि फिलहाल रविवार को इस कैदी को कठुआ जेल से किसी अन्य जेल में स्थानांतरित कर दिया गया है। और इस मामले में एफआईआर भी दर्जकर जांच शुरू की गई है। एसपी जेल ने बताया कि इससे पहले भी कठुआ जेल की चारदिवारी से सटे कुछ क्षेत्रों से जेल परिसर में मोबाइल फोन फेंकने की घटनाएं सामने आई थी जिनकी जांच हो रही है।

## सीएम ने की सिंचाई विभाग के कार्यों की समीक्षा

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने रविवार को एक बैठक के दौरान सिंचाई विभाग के कार्यों की समीक्षा की और संतोष व्यक्त करते हुए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने विभाग को कार्यों की समयबद्धता, गुणवत्ता, और कर्मचारियों की ट्रेनिंग पर विशेष ध्यान देने को कहा। साथ ही, उन्होंने अगले वर्ष बाढ़ से बचाव की कार्य योजना तैयार करने के निर्देश भी दिए।

**कार्य की समयबद्धता और गुणवत्ता पर जोर**



बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी परियोजनाओं की समय पर पूर्णता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि देरी से न केवल लागत बढ़ती है बल्कि जनता को भी लाभ मिलने में देर होती है। इसलिए कार्यों की समयबद्धता प्राथमिकता होनी चाहिए।

इसके साथ ही उन्होंने कार्यों की गुणवत्ता पर भी जोर देते हुए कहा कि विकास कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**कर्मचारियों की ट्रेनिंग अनिवार्य**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सिंचाई विभाग के कर्मचारियों की क्षमता बढ़ाने के लिए उन्हें उचित प्रशिक्षण दिया जाए। नई तकनीकों का उपयोग कर कार्यों की गुणवत्ता और दक्षता में सुधार किया जा सकता है।

## महाकुंभ 2025 के दौरान कोई भी श्रृद्धालु नहीं सोएगा भूखा

प्रयागराज में होने जा रहे महाकुंभ 2025 के दौरान यहां आने वाला कोई भी श्रद्धालु, कल्पवासी भूखे पेट नहीं सोएगा। योगी सरकार की ओर से इसके लिए मेला क्षेत्र में व्यापक तैयारियां की हैं। पूरे मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं के लिए भंडारों का तो आयोजन किया ही जाएगा, साथ ही उन्हें मुफ्त राशन की सुविधा का भी लाभ मिलेगा। कई-कई दिनों तक महाकुंभ में रहने वाले कल्पवासियों और श्रद्धालुओं के राशन कार्ड बनाए जाएंगे और उन्हें राशन की सुविधा प्राप्त होगी। पहले से राशन कार्ड धारण करने वालों को भी राशन कार्ड दिखाने पर राशन प्रदान किया जाएगा। इसके लिए खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा पूरे मेला क्षेत्र के सभी सेक्टर्स में कुल 160 उचित दर वाली राशन की दुकानों की स्थापना की जाएगी।

## हरियाणा सरकार का नायाब फैसलाः 22 अक्टूबर से नगर निकायों में समाधान शिविर होंगे शुरू

### प्रातः 9 से 11 बजे सभी अधिकारी कार्यालय में बैठकर आमजन की समस्याओं का करेंगे समाधान

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने स्थानीय निकाय एवं पंचायती विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर प्रदेश में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा की।

चंडीगढ़ स्थित संत कबीर कुटीर में स्थानीय निकाय एवं पंचायती विभाग के अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों के कल्याण को देखते हुए 22 अक्टूबर से नगर निकायों में समाधान शिविर शुरू करने के निर्देश दिए जिसके अंतर्गत प्रातः 9 से 11:00 बजे सभी अधिकारी कार्यालय में बैठकर आमजन की समस्याओं का समाधान करेंगे। इसके लिए जल्द ही मुख्य सचिव द्वारा एक और बैठक कर पूर्ण रूपरेखा तैयार की जाएगी।

यह भी निर्णय लिया गया कि शहरी स्थानीय निकाय और विकास एवं पंचायत विभाग प्रॉपर्टी आईडी से संबंधित मामलों के लिए समाधान शिविर आयोजित करेंगे। शहरी स्थानीय निकाय विभाग द्वारा सभी वार्डो और यूएलबी कार्यालयों में समाधान शिविर आयोजित किया जायेंगे जबकि पंचायत विभाग द्वारा बीडीपीओ कार्यालयों में समाधान शिविर का आयोजन किया जायेगा। समाधान शिविर एक महीने की अवधि तक जारी रहेंगे।



साथ ही बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि 24 अक्टूबर को सुबह 9:00 बजे सभी नगर निगम आयुक्तों की चंडीगढ़ में बैठक कर मुख्यमंत्री स्वयं विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे। बैठक में जिला नगर आयुक्त, नगर निकायों के संयुक्त आयुक्त और कार्यकारी अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे।

बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को भविष्य की जरूरतों के अनुरूप विकास की कार्ययोजना बनाने और लोगों की समस्याओं और जरूरतों को गंभीरता से सुनकर उनका त्वरित निराकरण करने के भी निर्देश दिए। इस दौरान सीएम ने पंचायत विभाग के कार्यों की समीक्षा भी की तथा पंचायत के रुके हुए विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

उल्लेखनीय है कि शपथ ग्रहण के साथ ही मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी एक्शन मोड में आ चुके हैं और लगातार प्रदेश के नागरिकों के हित में निर्णय ले रहें हैं।

## मार्च 2026 में बनकर तैयार होगा हमीरपुर मेडकिल कॉलेज का नया परिसर : सुक्खू

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने रविवार को जिला हमीरपुर के नादौन विधानसभा क्षेत्र के जोल सप्पड़ में डॉ. राधाकृष्णन राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय के नए परिसर में सभागार की आधारशिला रखी। सभागार का निर्माण 37 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा। उन्होंने महाविद्यालय में प्रधानाचार्य आवास की आधारशिला भी रखी। मुख्यमंत्री ने चिकित्सा महाविद्यालय के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया और प्रशासन को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि 31 मार्च 2026 तक चिकित्सा



महाविद्यालय का निर्माण पूरा करने का लक्ष्य है। सुखविंद्र सिंह सुक्ख ने कहा कि इस चिकित्सा महाविद्यालय को तत्कालीन केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री गुलाम नबी आजाद ने उनके व्यक्तिगत अनुरोध के बाद 4 मार्च 2014 को यूपीए-2 सरकार द्वारा मंजूरी दी गई थी। वर्तमान राज्य सरकार पहले ही इस परियोजना के लिए 240 करोड़ रुपये वितरित कर चुकी है जबकि केंद्र सरकार ने इस परियोजना के लिए केवल 180 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। उन्होंने कहा कि नया परिसर विश्व स्तरीय सुविधाओं, अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरणों, विशेषज्ञ डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ से लैस होगा जिससे राज्य के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होंगी।



## देश पर बलिदानियों व शहीदों की भूमि कहे जाने वाले गाँव - तरसमा में 1962 के युद्ध में अपने प्राणों का बलिदान देने वाले दो वीर सपूतों को किया याद

### बलिदान दिवस पर वीरता और स्मृति में लगाए फलदार पौधा

**भीमसेन सिंह तोमर**

पोरसा। वैसे तो पूरी चंबल धरा वीर सपूतों की, बलिदानियों की भूमि है। लेकिन पोरसा तहसील मुख्यालय से मात्र सात आठ किलोमीटर दूरी पर स्थित ÷तरसमा शहीदों की भूमि÷की उपमा से नवाजा गया है, वहीं आज इस गांव दो के वीर सपूतों के शहादत दिवस पर,,, आज अमर शहीद सम्मान सेवा संघ के सेवकों ने पहुंच कर शहादत व वीरता को नमन करते हुए, वृक्षारोपण पुनित कार्य भी संपादित किया। हम आपको बता दें कि,, अंचल के दो वीर सपूतों ने आज ही के दिन भारतीय सेना में सेवा कार्य करते हुए मां भारती के चरणों में अपना सर्वस्व बलिदान दिया। 21 अक्टूबर 1962 भारत चीन युद्ध में बलिदान प्राप्त हुआ था। (1) शहीद लांसनायक सोबरन सिंह तोमर (2) शहीद सिपाही महराज सिंह तोमर इस मौके पर गाँव के सरपंच, ग्रामवासी,अमर शहीद सम्मान सेवा संघ के सदस्यों ने तरसमा शहीद स्मारक में पंहुच कर दोनों बलिदानियों के बलिदान दिवस पर श्रधान्जली अर्पित की साथ ही संगठन के द्वारा कारगिल विजय दिवस से चलाये जा रहे अभियान एक वृक्ष शहीदों के नाम के तहत वृक्षारोपण किया गया साथ ही शहीद स्मारक में स्थित बलिदानियों की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण किया ।

## पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर शहीद पार्क में पुलिस स्मृति परेड का हुआ आयोजन

**पंकज त्रिपाठी, दैनिक पुष्पांजली टुडे**




भिण्ड । हमले में पुलिसकर्मी अपनी ड्यूटी के दौरान शहीद हो गये, तब से इन शहीदों और कर्तव्य निभाते हुए ड्यूटी के दौरान शहीद हुए सभी पुलिस कर्मियों को सम्मानित करने के लिए हर साल 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस मनाया जाता है। आज दिनांक 21/10/2024 को पुलिस लाइन भिण्ड के शहीद पार्क में पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर पुलिस स्मृति परेड का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक डॉ. असित यादव (भापुसे.) द्वारा पूर्व में देश में शहीद हुए पुलिस अधिकारियों / कर्मचारियों का नाम वाचन कर उन्हें नमन किया गया। पुलिस स्मृति परेड में शहीदों को सलामी दी गई,तत्पश्चात परेड मार्च हुई। अधिकारियों/कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों द्वारा शहीद जवानों को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।

## संतो की प्रेरणा से समाज का विकास संभवः संत मुकुंद दास स्वामी



**दैनिक पुष्पाजंली टुडे**

सूरत। संत श्री मुकुंद जीवन दास स्वामीजी अक्षर पुरूषोत्तम स्वामीनारायण मंदिर दिल्ली का आज सीरवी समाज भवन सूरत में आगमन हुआ। इस अवसर पर सीरवी समाज गुजरात सूरत के सचिव भंवरलाल भायल एवं कार्यकारिणी के पदाधिकारियों और सदस्यों ने श्री स्वामीजी महाराज का गर्मजोशी से भव्य स्वागत किया और आशिर्वाद प्राप्त किया। संत श्री मुकंद जीवन दासजी स्वामी ने सीरवी समाज के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सीरवी समाज ने पूरे भारत में एक पहचान बनाई है जो उनकी एकता संगठन और सामाजिक सेवा की भावना को दर्शाती है। स्वामीजी ने सीरवी समाज सूरत भवन की प्रशंसा करते हुए कहा कि आपका समाज हमेशा से ही सामाजिक और धार्मिक कार्यों में अग्रणी रहा है। आपकी एकता और संगठन की भावना पूरे समाज के लिए एक आदर्श है।

# खरगोन पुलिस ने घर से चोरी करने वाली 02 महिला आरोपियों को किया गिरफ्तार

**खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

चोरी करने वाली दोनों आरोपी महिलाये है, पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से किए चोरी के सोने व चांदी के आभूषण जप्त, जप्तशुदा आभूषणों की कुल कीमत लगभग 04 लाख 10 हजार रुपये

पुलिस महानिरीक्षक इंदौर जोन इन्दौर (ग्रामीण) श्री अनुराग एवं पुलिस उप महानिरीक्षक निमाड रेंज खरगोन श्री सिद्धार्थ बहुगुणा के द्वारा जिला खरगोन में संपत्ति संबंधी अपराध पर अंकुश लगाने के निर्देश दिये गये थे । वरिष्ठ अधिकारियो से प्राप्त निर्देशों के परिपालन में पुलिस अधीक्षक खरगोन श्री धर्मराज मीना व अति.पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्री मनोहरसिंह बारीया ने जिला खरगोन के समस्त अनुविभागीय अधिकारी पुलिस व समस्त थाना प्रभारियों को प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था । इसी तारतम्य मे थाना बलकवाड़ा की चौकी खलटाका की पुलिस टीम ने चोरी करने वाली 02 महिलाओ को गिरफ्तार करने मे सफलता पाई है ।

**घटना का संक्षिप्त विवरण**-फरियादी निवासी निमरानी बैडी ने चौकी खलटाका आकर सूचना दी थी कि, उसके घर के अंदर पलंग के नीचे रखी पेटी मे रखे 01 जोडी पायजेब चांदी के कीमती 25000/- रुपये, 01 नग चांदी का कंदोरा कमर में पहनने का कीमती 5000/- रुपये, 01 जोडी कान के पहनने के सोने के झेले कीमती



80,000/- रुपये, 01 जोडी कान के पहनने की सोने की झुमकी कीमती 80,000/- रुपये की तथा 01 नग गले में पहनने की सोने की मोहन माला 03 तोले के लगभग वजनी कीमती 2,20,000/- रुपये कुल कीमती सोने चांदी की कुल उक्त 05 रकम कीमती 4,10,000/- रुपये ( चार लाख दस हजार रुपये) व नगदी 55000/- रुपये कोई कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी चुराकर ले गया है । प्राप्त सूचना पर चौकी खलटाका पर अपराध कमांक 452/24 धारा 331(4),305(ए) का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया है । उक्त चोरी की घटना को गंभीरता से लेते हुए अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अनुभाग मंडलेश्वर श्री मनोहरसिंह गवली के मार्गदर्शन मे निरीक्षक रितेश यादव व चौकी प्रभारी खलटाका उनि राजेन्द्र अवास्या के नेतृत्व मे विशेष पुलिस टीम का गठन कर आरोपियों की शीघ्र गिर?तारी हेतु निर्देशित किया गया । गठित टीम द्वारा घटनास्थल व आसपास के सीसीटीव्ही फूटज देखे गए व लोगों से चर्चा कर संदिग्धों के संबंध मे जानकारी जुटाई गयी। इसके अलावा टीम ने पुलिस का पुराना तरीका अपनाते हुए मुखबिरों को सक्रिय कर जानकारी एकत्रित करने हेतु लगाया गया । परिणामस्वरूप पुलिस टीम को घटनास्थल के आसपास के सीसीटीव्ही फूटेज खंगालने के दौरान 02 महिलाओ की गतिविधियां संदिग्ध दिखाई दी जिनकी जानकारी निकालने पर दोनों महिलाओ की पहचान मुन्नी व शबनम जो फरियादी के घर के पास ही रहती है । संदेह के आधार पर पुलिस टीम ने महिला पुलिसकर्मियों की मौजूदगी मे दोनों संदेही महिलाओ से मनोवैज्ञानिक तरीके से पुछताछ की गई जिसमे उन्होंने उक्त चोरी की घटना को करीत करना स्वीकार किया । पुलिस टीम ने दोनों महिला आरोपियों के कब्जे से चोरी किए सम्पूर्ण सोने-चांदी के आभूषण कीमती 4,10,000/- रुपये के जप्त किए गए ।

**गिरफ्तार आरोपी का नाम**-1.मुन्नी पति सलमान मेवाती निवासी निमरानी बैडी 2. शबनम पति अमजद मेवाती निवासी निमरानी बैडी

**पुलिस टीम**-उक्त की गई कार्यवाही मे अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अनुभाग अनुभाग मंडलेश्वर श्री मनोहरसिंह गवली के मार्गदर्शन मे निरीक्षक रितेश यादव व चौकी प्रभारी खलटाका उनि राजेन्द्र अवास्या के नेतृत्व मे में सउनि अशोक नैयर, सउनि जोगेन्द्र पाटीदार, प्रधान आरक्षक 129 धनसिंग पवार, प्र आर 193 अखिलेष भूरिया, आर.798 निरज यादव, आर.460 राकेश चौहान, आर.857 देवीसिंग चौहान, आर. 482 प्रवीण सोलंकी , आर.813 नरेन्द्र जाट, आर. 276 रविशंकर तिवारी, आर.269 पंकज शर्मा, आर.338 पियुष त्रिपाठी, म.आर.531 नंदनी मुजाल्दे, सायबर टीम अभीलाश डोंगरे, सचिन चौधरी, घनश्याम गोयल, कम्प्युटर ऑपरेटर अजय सोंलकी, अनिल मोगरे का विशेष योगदान रहा ।

## करवाचौथ पर अखंड सुहाग के लिए सुहागिनों ने रखा निर्जला व्रत

**पुष्पांजलि टुडे ललितपुर**
**अनुज सिंह ठाकुर ब्यूरो रिपोर्ट**




ललितपुर में सुहागिनों ने पति की दीर्घायु की कामना के लिए करवाचौथ पर्व पर निर्जला व्रत रखा। महिलाएं दिनभर व्रत रखने के बाद शाम को सोलह श्रृंगार कर पूजा करेंगी। बाजार में भीड़ रही, महिलाएं करवा चौथ का सामान की खरीददारी करती हुई दिखी । पति की दीर्घायु की कामना को लेकर सुहागिनों ने रविवार को करवाचौथ पर्व पर निर्जला व्रत रखा। दिनभर व्रत रखने के बाद शाम को सोलह श्रृंगार कर महिलाए करवा की पूजा की जायेगी। रात में चांद को अर्घ्य देकर चलनी से पति का दीदार किया जायेगा। सुहागिनों ने भगवान गणेश से पति की दीर्घायु की कामना कर अखंड सुहागिन होने का आशीष मांगा। रविवार को अखंड सौभाग्य का पर्व करवा चौथ ऊधमसिंह नगर जिले में विधि-विधान व हर्ष से मनाया जा रहा है। सुहागिन महिलाएं दो दिनों से करवा चौथ के व्रत को लेकर तैयारियों में जुटी थीं। महिलाओं ने करवा, पूजन सामग्री, श्रृंगार के सामान की खरीदारी की। रविवार को सुहागिन महिलाओं ने पति की कामना के लिए निर्जला व्रत रखा। वहीं करवाचौथ त्योहार को लेकर बाजार में काफी भीड़ रही। सुहागिनों ने जमकर खरीदारी की। बाजार में मेंहदी लगवाने के लिए महिलाएं की भीड़ हो रही है।

## खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने की छापामार कार्यवाही

### 05 प्रतिष्ठानों से एकत्र किये खाद्य सामग्री के नमूने

**खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**



कलेक्टर श्री कर्मवीर शर्मा द्वारा दिए निर्देशानुसार दीपावली के त्यौहार पर छापामार कार्यवाही कर प्रतिष्ठानों से औचक निरीक्षण कर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने प्रतिष्ठानों से नमूने संग्रहित किये हैं। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने बालाजी राजस्थान स्वीटस बिस्टान से मलाई बर्फी एवं अन्जीर बर्फी का नमूना सग्रंहित किया है। इसी प्रकार मंहाकाल लस्सी बिस्टान से मिल्क केक का, मंहावीर होटल बिस्टान से मावा का, जम-जम डेयरी गोंगावा से मावा एवं मलाई बर्फी का, जाकीर डेयरी गोंगावा से दूध का नमूना सग्रंहित किया गया है। खाद्य सामग्री के नमूने जॉच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल को भेजे गये है। जॉच में अमानक एवं मिलावट पाये जाने पर संबंधित विक्रेताओं एवं निर्माताओं के विरूद्व खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत वैद्यानिक कार्यवाही की जावेगी। आगामी समय में जिले की खाद्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण कर विधिवत कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी। इस कार्यवाही में मुख्य खाद्य सुरक्षा श्री एच.एल.आवस्या, श्री आर.आर. सोंलकी एवं एन.एस. सोंलकी खाद्य सुरक्षा अधिकारी उपस्थित थे।

## आचार्य श्री विशुद्धसागर पुरस्कार से सम्मानित हुए युवा मनीषी डा. सुनील संचय

### प्रदेश की राजधानी लखनऊ में प्रभावना पुरुषोत्तम की उपाधि से किया गया अलंकृत

**पुष्पांजलि टुडे ललितपुर**
**अनुज सिंह ठाकुर ब्यूरो रिपोर्ट**

ललितपुर। जीवन मूल्यों को प्रतिष्ठापित करने हेतु संकल्पित उत्कर्ष समूह भारत द्वारा प्रतिवर्ष समाजसेवा,श्रुत संवर्द्धन, देव-शास्त्र-गुरु के प्रति समर्पण, साहित्यिक अवदान, प्रभावना आदि के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले किसी एक विशिष्ट व्यक्तित्व को संयम पुरुषोत्तम श्रमणाचार्य श्री विशुद्धसागर पुरस्कार प्रभावना पुरुषोत्तम उपाधि के साथ प्रदान किया जाता है।वर्ष 2024 का यह पुरस्कार व उपाधि उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में श्रमण मुनिश्री 108 सुप्रभसागर महाराज,श्रमण मुनिश्री 108 प्रणतसागर महाराज के सान्निध्य में नगर के युवा मनीषी,अनेक कृतियों के संपादक,निरंतर लेखनकार्य में संलग्न, अनेक सामाजिक-धार्मिक संस्थाओं में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन होकर समाजसेवा में संलग्न डॉ0 सुनील जैन संचय ललितपुर को उनके उल्लेखनीय कार्यों के लिए समारोह पूर्वक 20 अक्टूबर रविवार को प्रदान किया गया। साथ ही ÷प्रभावना पुरुषोत्तम÷ उपाधि से भी अलंकृत किया गया।उत्कर्ष समूह द्वारा डॉ0 सुनील संचय को तिलक, माला,श्रीफल,साहित्य,पुरस्कार प्रशस्ति पत्र,उपाधि प्रशस्ति पत्र,माला,शाल, पगड़ी,पुरस्कार राशि,अंग वस्त्र आदि के साथ भव्य रूप से सम्मानित किया गया। संचालन राजेन्द्र जैन महावीर सनावद ने किया।सम्मान समारोह के पूर्व विदुषी जैन लखनऊ ने मंगलगीत प्रस्तुत किया।

यह प्रतिष्ठित पुरस्कार उत्कर्ष समूह के अध्यक्ष रविन्द्र जैन गहाणकर अमरावती, महाराष्ट्र,संयोजक अरविंद बुखारिया उज्जैन,संजीव जैन लखनऊ,उपाध्यक्ष जागेश जैन लखनऊ आदि उत्कर्ष समूह के पदाधिकारियों के साथ ही इस मौके पर देश के मूर्धन्य मनीषियों डॉ0 श्रेयांस कुमार जैन बड़ौत (अध्यक्ष अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन शास्त्री परिषद ),डॉ0 जयकुमार जैन मुजफ्फरनगर (अधिष्ठाता श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर,जयपुर),प्रोफेसर श्रीयांस सिंघई जयपुर (राष्ट्रीय संस्कृत विश्विद्यालय जयपुर सेवानिवृत्त प्रोफेसर) , ब्रह्मचारी जयकुमार निशांत टीकमगढ़ महामंत्री अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन शास्त्री परिषद ),प्रोफेसर अशोक कुमार जैन वाराणसी (अध्यक्ष-अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन विद्वत् परिषद) , प्रोफेसर अभय कुमार जी जैन लखनऊ( उपाध्यक्ष शोध संस्थान लखनऊ) , पंडित



विनोद जैन रजवांस (उपाध्यक्ष अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन शास्त्री परिषद), ब्र0 डॉ0 अनिल जैन ( प्राचार्य आचार्य संस्कृत महाविद्यालय सांगानेर) जयपुर,डॉ0 विमल जैन जयपुर,प्रोफेसर अनेकांत जैन दिल्ली (प्रोफेसर लाल बहादुर संस्कृत विश्विद्यालय दिल्ली) , पंडित पवन जैन दीवान सागर (उपाध्यक्ष अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन शास्त्री परिषद ),डॉ0पंकज जैन इंदौर,राजेन्द्र जैन महावीर सनावद ( सह संपादक जैन गजट),डॉ0 आनंद जैन वाराणसी (सह आचार्य काशी हिंदू विश्वविद्यालय वाराणसी),डॉ0 सोनल कुमार जैन ( संयुक्तमंत्री अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन शास्त्री परिषद) दिल्ली, डॉ0 बाहुबली जैन इंदौर,पं0 प्रद्युम्न शास्त्री जयपुर,डॉ0 राजेश शास्त्री ललितपुर,मनीष विद्यार्थी , पंडित प्रिंस शास्त्री लखनऊ आदि ने अपने कर कमलों से प्रदान किया।इस दौरान उत्कर्ष समूह भारत के अध्यक्ष रवींद्र गहाणकर अमरावती ने बताया कि उत्कर्ष समूह भारत,श्रमण मुनि श्री सुप्रभसागर जी महाराज की प्रेरणा से स्थापित ऐसा समूह है जो जीवन मूल्यों को प्रतिष्ठापित करने हेतु संकल्पित है। इस उपलब्धि पर उत्तर प्रदेश-उत्तरांचल भारतवर्षीय तीर्थक्षेत्र कमेटी,अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन शास्त्री परिषद, अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन विद्वत् परिषद, प्रभावना जनकल्याण परिषद, दिगम्बर जैन पंचायत,प्रागैतिहासिक तीर्थक्षेत्र नवागढ़,करुणा इंटरनेशनल की ओर से अध्यक्ष अक्षय अलया,संयोजक पुष्पेंद्र जैन शिक्षक,अतिशय क्षेत्र गिरार, अतिशय क्षेत्र बानपुर ,अतिशय क्षेत्र कारीटोरन, दिगम्बर जैन महासभा,वर्णी विकास संस्थान समिति,जैन शिक्षक सामाजिक समूह,श्री महावीर दिगम्बर जैन संस्कृत विद्यालय एवं श्री गणेश वर्णी जैन छात्रावास साढूमल, चिंतन समूह , जैन मिलन,स्याद्वाद वर्द्धमान सेवा संघ आदि संस्थाओं ने हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित कर उज्ज्वल भविष्य की मङ्गल कामना की है।इस मौके पर मुनि श्री 108 सुप्रभसागर महाराज ने कहा कि पुरस्कार,सम्मान मिलने से सम्मानित व्यक्तित्व को और अधिक ऊर्जा प्राप्त होती है। पुरस्कृत व्यक्तित्व को मेरा मङ्गल आशीर्वाद है कि वे इसी प्रकार से प्रभावना करते रहें।

## दतिया झांसी बाईपास महावीर पुरम वार्ड नंबर 36 मैं सुरेंद्र यादव के यहां हुई चोरी

**संदीप प्रधान उप संपादक पुष्पांजलि टुडे**





सुरेंद्र यादव जी को करवा चौथ का त्योहार पड़ा भारी जानकारी के अनुसार पूरा परिवार गया था गांव दूसरे दिन गांव से लौट कर आए सब परिवार सहित तो देखा कि घर के ताले टूटे हुए पड़े हुए हैं तो सब परिवार के उड़े होश जब हमने जानकारी ली तो सुरेंद्र यादव ने बताया कि मेरी 20000 की नगदी और तोड़िया बिछिया और बच्चों की गुल्लक सहित चुरा ले गए दतिया कोतवाली पुलिस में कराई शिकायत दर्ज पुलिस ने दिया आश्वासन

## परशुराम सर्व ब्राह्मण संघ के संभागीय अध्यक्ष बने हरनारायण शर्मा

**उमाकान्त शर्मा, दैनिक पुष्पांजली टुडे**



भिण्ड। श्री परशुराम सर्व ब्राह्मण संघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने शहर के शास्त्री नगर निवासी हरनारायण शर्मा को संभागीय अध्यक्ष, (चंबल सम्भाग) के पद की जिम्मेदारी प्रदान की है। संभागीय अध्यक्ष बनने पर हरनारायण शर्मा एडवोकेट ने कहा कि संगठन के वरिष्ठ नेतृत्व द्वारा जो जिम्मेदारी सौंपी गई है उसको पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाउंगा।साथ ही संभाग स्तर पर संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए काम करूंगा।समाज मे फेली हुई कुरीतियों को दूर करने का संकल्प किया। हरनारायण शर्मा एडवोकेट को संभाग अध्यक्ष बनाये जाने पर उन्होंने दंदरौआ महाराज से आशीर्वाद लिया।संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने बधाई दी।जिसमें मुख्यरूप से जिला अध्यक्ष रमेश कटारे, माधव राम दरोगा जी, संदीप मिश्रा,मनोज दैपुरिया, कृपाशंकर शर्मा, रवीन्द्र मुद्गल एडवोकेट, मुकेश दीक्षित एडवोकेट विनीत मिश्रा, अनिल भारद्वाज, गणेश भारद्वाज पंकज त्रिपाठी, उमाकान्त शर्मा, सतेंद्र यादव आदि लोगों ने बधाई दी।

# थाना अमहिया पुलिस की अवैध गतिविधियों पर लगातार कार्यवाही जारी

## जुआँ फड़ मे रेड कर जुआरियों को पकड़कर जुआ एक्ट के तहत की कार्यवाही

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

रीवा। पुलिस अधीक्षक महोदय श्री विवेक सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री अनिल सोनकर, नगर पुलिस अधीक्षक महोदय डॉ रितु उपाध्याय के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी अमहिया उप निरीक्षक शिवा अग्रवाल द्वारा जुआ की फड़ मे हार जीत की बाजी लगाने बाले जुआरियो के विरुध्द 13 जुआ एक्ट का अपराध पंजीबध्द किया गया । मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 20/10/2020 को दोपहर के वक्त विश्वनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई की स्वरूा परिसर टीबी वार्ड के पास में कुछ लोग पैसों की हार जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे है । सूचना पर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर के बताये स्थान पर दबिस दी गई तो 05 जुआरी मौके पर पकड़े गये, पकड़े गये जुआरियो से नाम पता पूछा गया तो 1-जाहिद खान पिता दारा खान उम्र 43 वर्ष निवासी बिछिया तकिया बोल छड़ी मस्जिद के पास थाना बिछिया जिला रीवा, 2-धनपत रजक पिता स्व छंगे रजक उम्र 65 वर्ष निवासी झलवार थाना रामपुर नैकिन जिला सीधी हाल स्वरूा रीवा, 3-मोहम्मद समीर पिता स्वं अब्दुल हफीज खान उम्र 42 वर्ष निवासी घोघर तकिया मकबूल शाह मजार के पास थाना सिटी कोतवाली जिला रीवा, 4-बुद्धसेन साकेत पिता स्व मल्लू साकेत उम्र 52 वर्ष निवासी पड़रिया थाना रायपुर करचुलियान जिला रीवा, 5- मोहम्मद अजीज मंसूरी पिता स्व मोहम्मद सकुर मंसूरी उम्र 52 वर्ष निवासी तरहटी मन्नार मस्जिद के पास थाना सिटी कोतवाली जिला रीवा का होने बताये जो जुए के फड़ से 52 तास के पत्ते एवं 3300 रु. नगदी को मौके से जप्त किया जाकर 05 जुआरियो के विरुध्द 13 जुआ एक्ट के अन्तर्गत विधिनुसार कार्यवाही की गई है ।




कुल जप्त मसरुका -52 तास के पत्ते एवं नगदी 3300 रु नगदी

**महत्वपूर्ण भूमिका**-उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल प्र.आर. 873 मकरध्वज तिवारी आर.577 पीयूष मिश्रा आर. 204 विकास तिवारी आर. 520 विक्रम वर्मा, योगेश सिंह सीसीटीवी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी समन्वय से व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें

रीवा। कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के तैयारियों की समीक्षा की। प्रशासनिक तथा पुलिस अधिकारियों की संयुक्त बैठक में कलेक्टर ने कहा कि रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव से रीवा संभाग के सभी जिलों को औद्योगिक विकास के अवसर मिलेंगे। इसमें कई ब? उद्योगपति और निवेशक शामिल हो रहे हैं। मुख्यमंत्री जी सभी बड़े उद्योगपतियों से क्षेत्र में औद्योगिक निवेश के लिए संवाद करेंगे। कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम में 23 अक्टूबर को प्रातः 9.30 बजे से यह कार्यक्रम शुरू हो जाएगा। कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों तथा औद्योगिक संस्थानों द्वारा आकर्षक प्रदर्शनी लगाई जा रही है। उद्घाटन समारोह आडिटोरियम के मुख्य हाल में आयोजित किया जा रहा है। उद्योगपतियों से चर्चा करने के लिए पृथक से कक्ष बनाए गए हैं। कार्यक्रम स्थल में पत्रकारों के लिए मीडिया सेंटर बनाया गया है। कार्यक्रम में विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए अधिकारी तैनात किए गए हैं। सभी अधिकारी पूरी जिम्मेदारी के साथ अपना कार्य करें। प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी सतत संवाद करके समन्वय के साथ व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। बैठक में पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री जी परिसर में आने के बाद कार्यक्रम समाप्त होने पर ही कृष्णा राजकपूर आडिटोरियम से बाहर जाएंगे। मुख्य समारोह में प्रवेश के लिए उद्योगपतियों को प्रवेश पत्र दिए गए हैं।



मुख्यमंत्री जी के लाउंज में केवल उन्हीं उद्यमियों को प्रवेश दिया जाएगा जिनसे वन टू वन चर्चा की जानी है। कार्यक्रम के अंत में मुख्यमंत्री जी मीडिया सेंटर में पत्रकारों से कार्यक्रम के संबंध में चर्चा करेंगे। वाहनों की पार्किंग के लिए टीआरएस कालेज परिसर में व्यवस्था की गई है। पार्किंग स्थल से ई रिक्शा से कार्यक्रम स्थल तक ले जाने की व्यवस्था की गई है। बैठक में एमपीआईडीसी के कार्यकारी निदेशक सुमित शाह ने बताया कि कार्यक्रम स्थल पर सात प्रमुख स्थानों में एलईडी स्क्रीन लगाई गई हैं जिनमें मुख्य कार्यक्रमों का लगातार प्रसारण होता रहेगा। कार्यक्रम में आमंत्रित किए गए उद्यमियों को प्रवेश पत्र जारी किए गए हैं। व्यवस्थाओं में तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों को भी अलग-अलग रंग के पास दिए गए हैं। कार्यक्रम स्थल में दो बड़े सेमिनार हाल बनाए गए हैं। इनमें कुटीर उद्योग, कृषि पर आधारित उद्योगों, खनिज आधारित उद्योगों आदि की स्थापना के संबंध में मार्गदर्शन दिया जाएगा। श्री शाह ने बताया कि कार्यक्रम में भोजन की अलग-अलग व्यवस्था की गई है। मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम द्वारा भोजन के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। भोजन में विशेष रूप से बघेली व्यंजनों को शामिल किया गया है। कार्यक्रम स्थल में विशेष रूप से बनाए गए मंच पर बघेली लोकरंग का स्थानीय कलाकारों द्वारा लगातार प्रदर्शन किया जाएगा। इसमें बघेली गीत और लोकनृत्य शामिल होंगे। पत्रकारों के लिए कार्यक्रम स्थल में मीडिया सेंटर बनाया गया है। इसमें संचार की सभी सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। श्री शाह ने पूरे कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। बैठक में कार्यक्रम स्थल की सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, वाहनों की पार्किंग, साफ-सफाई व्यवस्था तथा अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवणे, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनकर, सभी एसडीएम, एसडीओपी, टीआई तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रमुख सचिव ने रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव की तैयारियों का लिया जायजा



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

रीवा। रीवा में 23 अक्टूबर को रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है। प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय श्री राघवेन्द्र सिंह ने कार्यक्रम स्थल कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। प्रमुख सचिव ने कहा कि रीवा में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का पहली बार आयोजन हो रहा है। कई ब? उद्योगपति और निवेशक इसमें शामिल होने के लिए रीवा आ रहे हैं। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए तीन हजार से अधिक छोटे बड़े उद्योगपतियों तथा उद्यमियों ने पंजीयन कराया है। इनके स्वागत में कोई कोर कसर न रखें। मुख्यमंत्री जी उद्घाटन समारोह के बाद प्रमुख उद्योगपतियों से वन टू वन संवाद करेंगे। प्रमुख सचिव ने कहा कि कार्यक्रम स्थल में उद्घाटन समारोह ऑडिटोरियम के मुख्य हाल में होगा। इसके साथ-साथ परिसर में विभिन्न विभागों तथा प्रमुख उद्योगों की प्रदर्शनी भी लगाई जा रही है। पत्रकारों के लिए सभी सुविधाओं से युक्त मीडिया सेंटर बनाया गया है। कार्यक्रम स्थल में आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए तैनात अधिकारी पूरी जिम्मेदारी से अपना कार्य करें। प्रमुख सचिव ने कार्यक्रम स्थल में सुरक्षा व्यवस्था, भोजन व्यवस्था, साफ-सफाई व्यवस्था, साज-सज्जा तथा वाहनों की पार्किंग के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। मौके पर उपस्थित प्रबंध संचालक एमपीआईडीसी श्री चन्द्रमौलि शुक्ला, रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद तथा कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के लिए की गई तैयारियों की जानकारी दी। इस अवसर पर डीआईजी एसपी पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह, आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवणे, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनकर तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# धर्म परिवार सार्वजनिक दीपोत्सव में करेगा छः व्यक्तियों का सम्मान धर्म संस्कृति नारी शक्ति क्षेत्र के प्रेरकों का होगा अलंकरण

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

रीवा। हिन्दू उत्सव समिति धर्मपरिवार के आगामी 10-11 नवम्बर को नगर के हृदय स्थल पदमधर पार्क में लगातार 26वें वर्ष में आयोजित होने वाले सार्वजनिक दीपोत्सव 2024 में विध्य क्षेत्र के छः ऐसे व्यक्तित्वों को उपाधि अलंकरण के साथ सम्मान करेगा जिन्होने विंध्य क्षेत्र में धर्म संस्कृति के उत्थान में अपनी महती भूमिका निभाई है। इसके साथ नारी शक्ति का परिचय देने वाली जुझारू महिला को भी इसमें शामिल किया गया है। धर्मपरिवार के संस्थापक आजीवन संरक्षक नारायण डिगवानी एवं संरक्षक सुनील अग्रवाल के दिये गये प्रस्ताव एवं अध्यक्ष गुरमीत सिंह मंगू की अनुशंसा पर सम्मानित होने वाले लोगो की सूची जारी की जा रही है जिनका 10 नवम्बर को एनके होण्डा एजेन्सी के सौजान्य से शाल श्रीफल एवं सम्मान पत्र के साथ सार्वजनिक उपाधि अलंकरण किया जायेगा। यह जानकारी कार्यक्रम संयोजक द्वय युवा अध्यक्ष सुमित माँजवानी एवं नगर अध्यक्ष अनिल मिश्रा एड. ने दी है। ज्ञातव्य है कि विगत 25 वर्षो में धर्मपरिवार ने विभिन्न क्षेत्रो में उल्लेखनीय कार्य करने वाली लगभग 150 विभूतियों का सम्मान अब तक किया जा चुका है जिसकी नगर वासियों ने सदैव सराहना की है। इस वर्ष धर्म प्रेरणा श्री 2024 का अलंकरण एवं सम्मान मानस मंडल एवं रामलीला कमेटी के अध्यक्ष सुभाष बाबू पाण्डेय, संजय गांधी अस्पताल के अधीक्षक डॉ0 राहुल मिश्रा, नगर विजय दशमी उत्सव समिति के अध्यक्ष प्रकाश तरानी, विध्नहर्ता सेवा समिति के अध्यक्ष अध्यक्ष कमलेश्वर द्विवेदी को धर्म प्रेरणा श्री सम्मान 2024 उनके उल्लेखनीय धार्मिक योगदान के लिये प्रदान किया जा रहा है। भारतीय संस्कृति को स्थापित करने के निरंतर प्रयास करने के लिये प्रांतीय कलाकार संघ के अध्यक्ष राजीव शुक्ला विध्य संस्कृति प्रेरणा श्री 2024 सम्मान के साथ नारी जागृति क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने वाली विदुषी कर्मठ कवियित्री एवं प्रसिद्ध उद्घोषिका मंच संचालिका डॉ0 आरती तिवारी को नारी शक्ति शारदा सम्मान 2024 प्रदान किया जा रहा है। धर्म परिवार के उपाध्यक्ष रामसखा यादव, महासचिव सुरेश विश्नोई, सांस्कृतिक सचिव राजीव वर्मा गुड्डू, कोषाध्यक्ष प्रकाश तोमर एड0, युवा संरक्षक संजय तिवारी मुन्नू, संयोजक रामकृष्ण अग्रवाल, महिला संरक्षक संतोषी गुप्ता, महासचिव युवा शाखा अंशुमान गुप्ता, उपाध्यक्ष राजेश साहू नगर उपाध्यक्ष मनीष साहू एवं राकेश आसवानी राकी ने हर्ष व्यक्त किया है।

# बालाबेहट बांध सर्वेक्षण कार्य में हुआ पन्द्रह लाख से अधिक की धनराशि का बंदरबांट

## मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड के प्रदेश सचिव ने मुख्यमंत्री को भेजा शिकायती पत्र, उठाई जांच की मांग



**पुष्पांजलि टुडे ललितपुर, अनुज सिंह ठाकुर ब्यूरो रिपोर्ट ललितपुर**

ललितपुर। मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड के पूर्व प्रदेश सचिव रामप्रताप सिंह ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंपते हुए सिंचाई विभाग निर्माण खंड द्वितीय के अधिशासी अधिकारी पर 15 लाख रूपए की अधिक राशि का गबन करने सहित अन्य कार्यो में भी अनिमित्ताएं बरते जाने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। सोमवार को उप जिलाधिकारी को सौंपे ज्ञापन में पूर्व प्रदेश सचिव राम प्रताप सिंह ने बताया कि अगस्त 2024 में बालाबेहट बांध सर्वेक्षण मद के लिए विशेष कार्य कराए जाने के लिए शासन द्वारा 15 लाख 60 हजार 420 रूपए भेजे गए थे, आरोप है कि सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता द्वारा अपने चहेतों अधिकारियों की सहायता से मनमाने ढंग से दो दो लाख रूपए के फर्जी अल्पकालीन अनुबंध गठित करते हुए काल्पनिक कार्यो पर व्यय किया गया। बालाबेहट बांध के सर्वेक्षण कार्यो पर अवर अभियंता द्वारा अल्पकालिक आठ अनुबंध 15 लाख 60 हजार 420 रूपए की फर्जी एमबी कर समस्त कार्यो की कार्य समाप्ति की वास्तविक तिथि 13 सितम्बर 2024 दर्शायी गयी थी। आरोप है कि अवर अभियंता द्वारा रोड को बनाने व पुराने गढ्ढे भरने के लिए काल्पनिक बोरों में मिट्टी खोदकर डालने का कार्य अपनी पैमाइस में दर्शाया गया है। इसके अलावा सौर नदी के डाउन स्ट्रीम पर सर्वेक्षण कार्य दर्शाया गया है। इस दौरान भारी बारिश होने से काम होना संभव नहीं था। लेकिन कागजों में फर्जी तरीके से काम दर्शाया गया है। ज्ञापन में पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच कराते हुए व्यय दर्शायी गयी धनराशि का बंदरबांट करने वालों पर कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग की है। इस दौरान आप जिलाध्यक्ष हरदयाल सिंह लोधी, सपा जिला उपाध्यक्ष हरिबाबू शर्मा, अशोक अहिरवार, शाकिर अली, शत्रुघन यादव, करन पाल, राममूर्ति तिवारी, विनोद रैकवार, हृदेश मुखिया, लाखन यादव, अंकित यादव नौहरखुर्द, जितेंद्र यादव, अनिल अहिरवार, संतराम यादव, जितेंद यादव डोंगरा कलां, बिट्टू यादव आदि मौजूद रहे।

# ललितपुर जिला कलेक्टर परिसर में लेखपाल धड़ल्ले से लेते हैं रिश्वत

**अनुज सिंह ठाकुर पुष्पांजलि टुडे ललितपुर**

जिला ललितपुर मैं कृषक को बैंकों व एन सरकारी योजनाओं में खसरा खतौनी की जरूरत पड़ती है जब वह लेखपाल के पास जाते हैं उनसे कहते हैं कि हमें खसरा खतौनी की जरूरत है तो बे कृषक से मनमानी तरीके से 100 200 रुपए रिश्वत मांगते हैं हैरत की बात तो यह है कि जिलाधीश के आंखों के सामने यह सब हो रहा है, अधिकारी गढ़ इस विषय पर चुप्पी सादे हुए हैं कब यह लोग एक्शन लेंगे।

# स्मृति दिवस पर शहीदों को किया नमन, दी श्रद्धांजलि

## उनकी शहादत से भारत देश आज भी सुरक्षित - एसपी

**पुष्पांजलि टुडे ललितपुर अनुज सिंह ठाकुर ब्यूरो रिपोर्ट**



ललितपुर। भारत के वीर सपूत जिन्होंने देश की आन-वान-शान की रक्षा करते हुये अपने प्राणों को न्यौछावर कर दिया। ऐसे वीर शहीदों को आज स्मृति दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन स्थित प्रांगण के शहीद स्मारक पर श्रृद्धासुमन अर्पित किये गये। 21 अक्टूबर को पुलिस लाइन्स में स्मृति दिवस के अवसर पर शहीद स्मारक पर देश सेवा के दौरान शहीद हुये जबानों को याद किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने शहीदों को श्रृद्धासुमन अर्पित करते हुये सलामी दी। वर्ष भर में शहीद जवानों के नाम पढ़ते हुये पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने कहा कि भारत की रक्षा करते हुये इन जवानों ने अपने व अपने परिवार की चिन्ता न करते हुये प्राणों को भारत माता पर न्यौछावर कर दिया। ऐसे वीर सपूतों को आज पूरा देश याद कर रहा है। कहा कि जनता की सेवा करते हुये जबानों ने अपने प्राणों तक को न्यौछावर कर दिया। ऐसे देशभक्त शहीदों को नमन करते हुये गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। इसके पूर्व शहीदों को परेड के मार्फत सलामी दी गयी। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार, समस्त क्षेत्राधिकारीगण, प्रतिसार निरीक्षक जगदीश चन्द्र व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत झांसी मंडल के 16 स्टेशनों का हो रहा विकास

**पंकज त्रिपाठी स्टेट हेड**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

ग्वालियर । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अगस्त 2023 में शुरू की गई और फरवरी 2024 में आगे बढ़ाई गई अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत उत्तर मध्य रेलवे के झांसी मंडल के 16 रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास किया जा रहा है। पुनर्विकसित रेलवे स्टेशनों में यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए आधुनिक सुविधाएं बनाने, निर्बाध यात्रा के लिए अन्य परिवहन प्रणालियों के साथ मल्टीमॉडल एकीकरण और दुकानों, मॉल, कार्यालय स्थानों और फूड कोर्ट आदि जैसी आर्थिक गतिविधियों के अवसरों के लिए प्रमुख स्थान होगा। झाँसी मंडल से अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत प्रथम चरण में उच्चीकरण हेतु चयनित 16 स्टेशन
बाँदा,भिण्ड,मुरैना,चित्रकूटधाम कर्वी , महोबा,डबरा,दतिया,ललितपुर, उरई, पुखरायां,घाटमपुर, हरपालपुर, टीकमगढ़,छतरपुर, ओरछा तथा शेयोपुरकलां है। इन स्टेशनों के पुनर्विकास हेतु कार्य जारी है। योजना के तहत सभी चयनित स्टेशनों के फसाड में सुधार किया जा रहा है। इसके साथ ही स्टेशन पर प्रवेश द्वार का चौडीकरण, उच्च स्तरीय प्रकाश व्यवस्था, स्टेशन वेटिंग हॉल का विस्तार, स्टेशन पर उपलब्ध अनुपयोगी स्थान को जोड़ते हुए



एग्जीक्यूटिव लाउंज का विस्तार, सर्कुलेटिंग एरिया के प्रत्येक तरफ साइनेज लगाने, अप्रोच सड़क का चौडीकरण, पैदल चलने वालों के लिए रास्ता, वाहन का प्रवेश/निकास, प्रकाश व्यवस्था के साथ पार्किंग क्षेत्र विस्तार के साथ ही स्टेशनों की लैंड स्केपिंग, भूनिर्माण, हरे पैच और स्थानीय कला का कार्य भी किया जा रहा है। अमृत भारत योजना के तहत चयनित स्टेशनों पर वर्तमान सुविधाओं में बढ़ोतरी के साथ भविष्य की आवश्यकताओं के अनुसार संभावित बदलाव भी किए जा रहे हैं। इनमें स्टेशन की दूसरी एंट्री के लिए सिटी प्लानर के अनुसार दूसरी एंट्री और सर्कुलेटिंग एरिया का विकास, पार्सल (चरणों में) वेटिंग हॉल, प्लेटफार्म, रिटायरिंग रूम, कार्यालयों में फर्नीचर, बोर्ड के दिशा-निर्देशों के अनुसार दिव्यांगजन सुविधाएं, एलईडी आधारित स्टेशन नाम बोर्ड तथा फसाड लाइटिंग, महिलाओं, दिव्यांगजनों के लिए पर्याप्त शौचालय, नई सुविधाओं के निर्माण के लिए भविष्य में नए भवन की आवश्यकता, भविष्य में आवश्यकता पड़ने पर रूफ प्लाजा, दूरसंचार विभाग के दिशा-निर्देशों के अनुसार वाई-फाई का प्रावधान करने की भी योजना है। उल्लेखनीय है, कि झांसी मंडल, उत्तर मध्य रेलवे का एक महत्वपूर्ण मण्डल है जो देश के उत्तरी भाग को दक्षिणी भाग एवं पूर्वी भाग को पश्चिमी भाग से जोड़कर रेलों के आवागमन में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है । झाँसी मंडल, भारतीय रेल के महत्वपूर्ण अंग के रूप में अपने सभी सम्मानित रेल उपयोगकर्ताओं की सेवा में निरंतर श्रम कर रहा है । झाँसी मंडल से प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्रियों का आवागमन होता है। इस कारण यहां पर याड़त्री सुविधाओं का निरंतर विकास किया जाना रेल प्रशासन की प्राथमिकता है। मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार सिन्हा ने कहा कि झांसी मंडल में अमृत भारत योजना के तहत चयनित स्टेशनों के पुनर्विकास से यात्री सुविधाओं में बढ़ोत्तरी हो रही। इसके साथ ही व्यापार को भी बढ़ावा मिल रहा है

# कृष्ण की भक्ति में डूबे विराट: अनुष्का



न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में टीम इंडिया को करारी हार का सामना करना पड़ा। इस हार के बाद, चेस मास्टर विराट कोहली अपनी पत्नी और अभिनेता अनुष्का शर्मा के साथ 20 अक्टूबर को मुंबई के नेस्को में अमेरिकी गायक कृष्णा दास द्वारा आयोजित कीर्तन में शामिल हुए। कार्यक्रम के आयोजकों ने करवा चौथ की रात लाइव कार्यक्रम का आनंद लेते हुए अनुष्का शर्मा और विराट कोहली की तस्वीरें साझा कीं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रही तस्वीरों में से एक में अनुष्का को भीड़ के खड़े होकर ताली बजाते हुए देखा जा सकता है। वहीं विराट भी कीर्तन में आनंद लेते नजर आ रहे हैं। आयोजकों ने तस्वीरें साझा करते हुए लिखा- आशीर्वाद लेने और शांत वातावरण से जुड़ने के लिए विराट और अनुष्का आज मुंबई में कृष्णा दास लाइव में हमारे साथ शामिल हुए। उनकी उपस्थिति ने सामूहिक भक्ति को और बढ़ा दिया, जिससे यह सभा और भी खास हो गई। दोनों का इस कीर्तन का आनंद लेते हुए एक वीडियो भी सामने आया है जो खूब वायरल हो रहा है। यह पहली बार नहीं है जब विराट और अनुष्का ने कृष्णा दास के कीर्तन में हिस्सा लिया हो। इससे पहले इसी साल जुलाई में यह जोड़ी लंदन में कृष्णा दास के कीर्तन में भी नजर आई थी। क्रिकेट के मोर्चे पर, विराट कोहली ने आखिरी बार न्यूजीलैंड के खिलाफ बेंगलुरु में पहला टेस्ट खेला था, जहां भारत आठ विकेट से हार गया था।

# बॉलिवुड में 'इनसाइडर-आउटसाइडर' पर बोलीं करीना कपूर

बॉलिवुड में परिवारवाद पर हमेशा बहस चलती है। कई लोगों का मानना है कि इंडस्ट्री स्टार किड्स को आउटसाइडर्स के मुकाबले ज्यादा तरजीह देती है। एक इंटरव्यू में करीना कपूर खान से 'बॉलिवुड की अल्टीमेट इनसाइडर' होने के बारे में सवाल पूछा गया। करीना ने जवाब दिया कि वह 21 साल से इंडस्ट्री में काम कर रही हैं और यह केवल परिवारवाद की वजह से संभव नहीं हो पाता। उन्होंने कहा, वह कई सुपरस्टार बच्चों के नाम बता सकती हैं, जिनके लिए यह उतना आसान नहीं रहा। फिल्मों में काम करने की इच्छा उतनी ही स्वाभाविक है, जितनी एक डॉक्टर के बच्चे को अपने माता-पिता के पेशे में आने की। करीना मानती हैं कि बॉलिवुड इतना बड़ा है कि वह हर तरह की आलोचना का निशाना बनता है। उन्होंने कपूर परिवार से जुड़े विशेषाधिकार को स्वीकार करते हुए कहा कि इस वजह से उन्हें लगातार आगे बढ़ने और मेहनत करने की जरूरत है। उन्होंने कहा, यह सुनने में अजीब लग सकता है लेकिन मेरा संघर्ष है। बस यह उतना दिलचस्प नहीं है, जितना किसी ऐसे व्यक्ति का होगा, जो सिर्फ 10 रुपये लेकर इंडस्ट्री में आया हो। लेकिन मैं इसके लिए माफी नहीं मांग सकती।



# चांदी 1,00,000 पार

Hemlata.Bhardwaj@timesgroup.com

दिवाली से पहले ही आज चांदी और सोने की कीमतें रेकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गईं। चांदी ने अब तक का हाई बनाते हुए 1 लाख रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर को पार कर लिया। वहीं सोना भी पीछे नहीं रहा। सोना भी ऑल टाइम हाई बनाते हुए आज 80 हजार (GST के साथ) के पार ट्रेड कर रहा है। ऑल इंडिया जूलर्स एंड गोल्ड स्मिथ फेडरेशन के अध्यक्ष पंकज अरोड़ा ने बताया कि चांदी अभी और चमकेगी। यह आने वाले साल में सवा लाख रुपये का स्तर पार कर सकती है। फिलहाल चांदी में सोने से ज्यादा तेजी दिख रही है। वहीं कॉमनवेल्थ बैंक ऑफ ऑस्ट्रेलिया के विश्लेषक विवेक धर ने कहा कि 2025 की चौथी तिमाही में सोने का वायदा भाव बढ़कर औसतन 3,000 डॉलर प्रति औंस हो सकता है। एक्सपर्ट्स की मानें तो ज्यादातर देशों के सेंट्रल बैंक अब फॉरेक्स रिजर्व की जगह अपने गोल्ड रिजर्व को बढ़ाने में जुटे हैं।




सान्ध्य टाइम्स एडिटर की पसंद

दिवाली से पहले चांदी-सोने ने बनाए नए हाई

ऑल इंडिया जूलर्स एंड गोल्ड स्मिथ फेडरेशन ने कहा- अभी और चमकेगी चांदी

सोने का भी नया रेकॉर्डः एक तोला सोना 80 हजार रुपये से ऊपर पहुंचा

## सोने-चांदी में गिरावट पर खरीदारी करें

पंकज अरोड़ा ने बताया कि भारत में कस्टम ड्यूटी कम होने के बाद सोने-चांदी के ये दाम हैं। ऐसे में जरूरी है ग्राहक हर गिरावट पर सोना-चांदी खरीदें। जितना पैसा हो, उतना सोना खरीदें क्योंकि सोना जितना रिटर्न दे रहा है, न तो उतना प्रॉपर्टी देती है, न शेयर। इसलिए जब दाम नीचे जाए तब सोना-चांदी खरीद लेना चाहिए। सोने में अगर गिरावट भी होती है, तो 10 पर्सेंट से ज्यादा नहीं होती। आज सोने ने 80 हजार रुपये का स्तर तोड़ दिया है। आज यह करीब 80,150 रुपये प्रति तोला पर ट्रेड कर रहा है।

## 2025 में चांदी सवा लाख पार जाएगी!

चांदी अब सिर्फ जूलरी या इन्वेस्टमेंट के लिए ही नहीं बल्कि इंडस्ट्रियल मैटल बन चुकी है। इसकी औद्योगिक मांग के कारण जल्द ही इसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में 40 डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है, जिससे चांदी की चमक और बढ़ती दिख रही है। अनुमान है कि यह तेजी बरकरार रहेगी और साल 2025 में चांदी सवा लाख रुपये प्रति किलोग्राम को पार कर जाएगी।

शेष Page -2

# कहां से आया अरविंद केजरीवाल को बुलावा



सान्ध्य टाइम्स डेस्क

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सोमवार की सुबह सोशल मीडिया के जरिए जानकारी दी कि वे माता वैष्णो देवी के दर्शन करने जा रहे हैं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर लिखा, 'चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है। आप और आपका परिवार खुश रहे, सुखी रहे। माता का आशीर्वाद लेने के लिए अपनी पत्नी के साथ माता वैष्णो देवी के दर्शन करने जा रहा हूं।'

इससे पहले अरविंद केजरीवाल अपने एक्स पोस्ट में बीजेपी पर निशाना साधते हुए नजर आए थे। आप राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने लिखा था, 'दिल्ली के लोग जान लें, बीजेपी वालों ने मुझे जेल भेजकर दिल्ली की सड़कों का भी गुजरात जैसा हाल कर दिया। पर आपके केजरीवाल ने जेल से छूटते ही आपकी टूटी सड़कों की युद्ध स्तर पर मरम्मत शुरू करवा दी। कुछ दिनों में सभी सड़कें ठीक हो जाएंगी। अगर आपने इनको वोट दे दिया तो दिल्ली की सड़कें भी गुजरात की तरह हमेशा खराब रहेंगी।'

स्मार्ट टॉयलेट सीट पर BJP ने केजरीवाल को घेरा

पढ़ें Page -3



# 'अंधेरे में रोशनी बिखेरते हैं इन दिव्यांगों के हाथ'

दिल्ली में कई जगह दिव्यांग दिवाली में इस्तेमाल होने वाले दीये बना रहे हैं। दिव्यांग की एनजीओ का कहना है, कोविड के बाद दीयों की मांग बढ़ी है।

पढ़ें Page -5



# गांदरबल हमले पर TRF के दावे की अब छानबीन

श्रीनगर से 70 किमी दूर गांदरबल जिले में नैशनल हाइवे पर कल रात में हुए आतंकी हमले के सिलसिले में लश्कर-ए-तैबा के दावे की छानबीन की जा रही है।

पढ़ें Page -12





# नागा चैतन्य और शोभिता धुलिपाला की शादी की रस्में हुईं शुरू

*शोभिता धुलिपाला और नागा चैतन्य ने अगस्त में अपनी सगाई समारोह की तस्वीरें शेयर करके अपने रिश्ते की शुरुआत की। सोशल मीडिया पर ये खुशखबरी उनके पिता नागार्जुन ने फैंस को दी थी, जिसके बाद सभी हैरान रह गए क्योंकि कपल ने कभी अपने रिश्ते के बारे में किसी से कोई बात नहीं की। नागा चैतन्य से सगाई के दो महीने बाद ही शोभिता धुलिपाला दुल्हन बनने जा रही हैं। उनके घर में शादी की रस्में भी शुरू हो चुकी है। एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम पर इस समारोह की कुछ खूबसूरत तस्वीरें शेयर कीं। दोनों शादी के बंधन में बंधने के लिए तैयार हैं। शोभिता धुलिपाला ने प्री-वेडिंग फोटोज अपने इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं, जिसमें ट्रेडिशनल एटायर में वह बेहद की खूबसूरत लग रही हैं। उन्होंने अपनी शादी के जश्न की झलक भी दिखाई है। वह एक खूबसूरत ऑरेंज कलर की साउथ इंडियन साड़ी में सजी हुई दिख रही हैं, जिसे गोल्ड कढ़ाई और ग्रीन बॉर्डर से तैयार किया गया है। उन्होंने अपने इस साड़ी लुक को बेज ब्लाउज, सोने के आभूषण और हरी चूड़ियों के साथ पूरा किया है। वह सभी तस्वीरों में बेहद सुंदर लग रही हैं। तस्वीर में वह अपने परिवार से घिरी हुई दिखीं। शोभिता धुलिपाला तस्वीरों में अपनी सहेलियों के साथ हंसती-मुस्कुराती नजर आ रही हैं। तस्वीरें शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, %गोधुमा राय पसुपु दंचतम... और यह से शुरू हुआ!% आंध्र में शादी से पहले और सगाई के बाद पसुपु कोट्टायम समारोह होता है। सोशल मीडिया पर शोभिता धुलिपाला की प्री-वेडिंग की तस्वीरें लोगों को बहुत पसंद आ रही है। समारोह शुरू में दूल्हे के परिवार और फिर दुल्हन के परिवार में किया जाता है। बता दें कि नागा चैतन्य ने 8 अगस्त को शोभिता संग अपनी सगाई का ऐलान किया था। नागा चैतन्य से पहले उनके पिता और साउथ सुपरस्टार नागार्जुन ने बेटे और होने वाली बहू की इंगेजमेंट की तस्वीरें शेयर की थीं। शोभिता और चैतन्य 2022 से एक-दूसरे को डेटिंग कर रहे हैं। वहीं नागा और शोभिता की लव-स्टोरी का बात करे तो दोनों के डेटिंग रुमर्स की चर्चा तब शुरू हुई थी जब दोनों पहली बार हैदराबाद में साथ में नजर आए थे। नागा चैतन्य की पहली पत्नी सामंथा रूथ प्रभु थी। साल 2017 में कपल ने शादी की, लेकिन शादी के चार साल बाद 2021 में उनका तलाक हो गया।*

# करैरा पुलिस की कार्रवाई: दो आरोपी अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार

**हरिओम चतुर्वेदी**

करैरा - करैरा पुलिस ने 20 अक्टूबर 2024 को जुझाई पुल के नीचे अवैध हथियारों के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया यह कार्रवाई एसडीओपी शिवानारायण मुकाती के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद छावई के नेतृत्व में पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि दो युवक अपराध की नियत से हथियारों के साथ खड़े हैं सूचना की पुष्टि के लिए पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की और दोनों युवकों को गिरफ्तार किया गिरफ्तार किए गए आरोपियों में विजय और सतीश प्रजापति शामिल हैं विजय के पास से 315 बोर का देसी कट्टा और एक जिंदा राउंड बरामद हुआ, जबकि सतीश के पास 315 बोर की अधिया और एक जिंदा राउंड मिला दोनों आरोपियों के पास से कोई वैध लाइसेंस नहीं था, जिसके आधार पर उनके खिलाफ आर्म्स एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद छावई की नेतृत्व में और उनके द्वारा की गई सजग कार्रवाई की सभी ने प्रशंसा की है उनके अनुभव और तत्परता ने इस ऑपरेशन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।




पुलिस अब आरोपियों के हथियारों के सप्लायरों के बारे में जानकारी जुटा रही है, ताकि इस तरह की गतिविधियों पर काबू पाया जा सके थाना करैरा पुलिस ने अपनी इस कार्रवाई से यह साबित कर दिया है कि वे अवैध गतिविधियों के खिलाफ पूरी तरह गंभीर हैं।

# जो सरकार किसानो को खाद उपलब्ध नहीं करा पाई, उसको सरकार में रहने का कोई हक नही, किसान सभा

## सरकार और उसका प्रशासन कुंभकरण की नींद में सो रहा है, 3 अक्टूबर को तेज बारिश आंधी आने से वीर खड़ी सहित दर्जनों गांव की धान की फसल खेत में गिरकर सड़ गई पटवारी से लेकर तहसीलदार तक देखने तक नहीं गया

**महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजलि टुडे**

भिंड ,गोहद, आज मध्यप्रदेश किसान सभा के बैनर तले सैकड़ों की संख्या में किसान गोहद राईस मिल पर एकत्रित हुए। वहीं एक सभा आयोजित की गई।जिसको मध्यप्रदेश किसान सभा के राज्य महासचिव अखिलेश यादव, जिला अध्यक्ष प्रेम नारायण माहौर, महासचिव राजेश शर्मा,डी वाई एफ आई के राज्य महासचिव भूपेंद्र सिंह गुर्जर, जिला कार्यकारी महासचिव बीरेंद्र सिंह कुशवाहा, रसीद खान आदि ने संबोधित किया। संचालन हरगोबिंद जाटव ने किया। किसानों को सम्बोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि भा ज पा सरकार किसान विरोधी है। इस सरकार को किसानों की चिंता नहीं मध्यप्रदेश की खनिज संपदा अडाणी अम्बानी को सौंपने की ज्यादा चिंता है। किसानों की 3,3 दिन से लाईने लगी है। पहले से ही अति बर्षा की मार झेल रहा किसान खाद के लिए इसलिए भटक रहा है क्योंकि सरसों की बोनी के लिए खेतों में नमी खत्म हो रही है। लेकिन सरकार और उसका प्रशासन कुमभकरण की निद्रा में सो रहा है। सभा को संबोधित करते हुए संगठन के जिला अध्यक्ष प्रेम नारायण माहौर ने कहा कि सरकार के शिक्षा मंत्री ने कहा है कि रूस यूक्रेन युद्ध से खाद का संकट है। श्री माहौर ने कहा कि विदेशों में चल रहे युद्ध से खाद का क्या सम्बन्ध है। ऐसे बचकाने, किसानों को गुमराह करने वाले बयान मंत्री जी को शोभा नहीं देते। यदि सरकार चलाना इनके बस का नहीं है। तो मध्यप्रदेश की जनता इनको क्यों झेलें। इनको खुद ही इस्तीफा दे देना चाहिए। सभा को सम्बोधित करते हुए संगठन के महासचिव राजेश शर्मा ने कहा कि किसानों को रकबे के हिसाब से खाद देना चाहिए। लेकिन भिंड कलेक्टर के निर्देश पर एक किसान को सिर्फ 10 बोरी खाद दिया जा रहा है। जो अपर्याप्त है। किसान नेता ने सरकार और उसके प्रशासन से पूछा कि 10 बोरी खाद सिर्फ 9 बीघा के लिए होता है। किसान तो 25,30,50, और इससे भी ज्यादा बीघा के होते हैं। सरकार की गाईड लाईन के अनुसार 9 बीघा से बाद की जमीन तो किसानों को बंजर छोड़ना पड़ेगी। सरकार के इस तुगलकी फरमान ने किसानों को बर्बादी के कगार पर खड़ा कर दिया। पिछ्ले महीने अति बर्षा से भारी तबाही हुई।तिली, बाजरा,जबार, धान की फसलें नष्ट हुई।पशु धन मरा। लेकिन सरकार और उसके प्रशासन का मुआवजा देने का कोई मन नहीं है।3 अक्टूबर को तेज आंधी और बारिश से बिरखडी सहित कई दर्जन गांवों में धान की पकी हुई फसल जमीन में गिरकर सड़ गई। सरकार और उसके प्रशासन ने मुआवजा तो दूर की बात है। कई गांवों में सर्वे दल तक नहीं पहुंचा। किसान नेताओं ने कहा कि सरकार हर मोर्चे पर असफल साबित होती जा रही है। इनके राज में समाज का हर वर्ग त्रस्त है। अब जनता का इनसे मोह भंग होने लगा है। और इस सरकार के खिलाफ असन्तोष बढ़ता ही जा रहा है। किसान नेता ने कहा कि जब मौ तेहसील बन गई तो वहां खाद का सरकारी बिक्री केंद्र क्यों नहीं है। वहां के किसान को 30,40 किलोमीटर दूर खाद लेने के लिए गोहद आना पड़ता है। किसान नेताओं ने कहा कि सरकार तत्काल जरूरत के हिसाब से खाद उपलब्ध कराऐ एवं अति बर्षा पीड़ित किसानों को मुआवजा दे। अन्यथा हमारे संगठन को आन्दोलन तेज करना पड़ेगा। किसानों ने राईस मिल से रैली निकाली और गोहद एस डी एम को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन का नेतृत्व मुन्ना लाल कुशवाह, नारायण माहौर, राकेश प्रजापति, शिव कुमार शर्मा, उमाशंकर कटारे, शोभा माहौर, बिमला कुशवाह,मनजू कुशवाहा,रबि राठौर, जगदीश शाक्य,पान सिंह चौहान आदि ने किया।



# 12 साल बाद करैरा में मंडी की फिर से हुई चालू किसने के चेहरों पर आई खुशी

**हरिओम चतुर्वेदी**




करैरा। 12 साल के लंबे इंतज़ार के बाद करैरा में मंडी फिर से चालू हो गई है, जिससे किसानों के चेहरे पर खुशी और आशा की नई किरणें चमकने लगी हैं लंबे समय से मंडी से बाहर व्यापारी किसानों की फसलों को मनमानी दामों पर खरीदते रहे थे, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता था अब मंडी के चालू होने से किसान भाइयों को अपनी फसलों को सही मूल्य पर बेचने में सक्षम हो गए हैं। आज, करैरा मंडी में व्यापारियों ने किसानों को सही दाम दिए, जिससे उनका उत्साह बढ़ गया मंडी सचिव विजय मीणा ने स्पष्ट किया कि यदि कोई भी व्यापारी मंडी के बाहर से फसल खरीदने का प्रयास करेगा, तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# आदिवासी महिलाओं को बताए स्वच्छता के लाभ



ललितपुर। ब्लाक जखौरा में डायरिया नेट जीरो कैंपेन के अंतर्गत गांव गांव में डायरिया व संक्रामक रोगों से बचने के लिए लगातार जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, जिसमें ग्राम रोड़ा में सहारिया बस्ती में आदिवासी महिलाओं को बच्चों को स्वच्छता पर विशेष तौर पर जानकारियां दी गईं। जिसमें हाथों को साबुन से अच्छी तरह धोने के सही तरीके को विधिवत रूप से समझाया गया। कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर शिवानी ताम्रकार ने दस्तों के दौरान 0 से 6 वर्ष के बच्चों को ओ.आर.एस. व जिंक के सेवन की सलाह दी। साथ ही ओ.आर.एस. घोल बनाने की सही विधि भी समझाई व बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए समय पर टीकाकरण करवाने के लाभ भी बताए। कार्यक्रम के समन्वयक गौरव जैन ने महिलाओं को शौच के बाद, खाने के पहले, पशुओं को छूने के बाद, घर का कचरा उठाने व साफ सफाई करने के बाद, साबुन से अच्छी तरह हाथ धोने की सलाह दी। साथ ही गुलाबी दीदी मनीषा विश्वकर्मा ने डमी के माध्यम से बच्चों को दस्तों के दौरान होने वाले निर्जलीकरण को भी समझाया। बैठक के समापन के समय सभी महिलाओं ने स्वच्छता को अपने जीवन चर्या में शामिल करने की शपथ ली।

# सिद्धों की आराधना ही सातिशय पुण्य का कारण : अविचल सागर



ललितपुर। जैन अटा मंदिर में मुनि अविचल सागर महाराज के ससंघ सानिध्य में सिद्धचक्र महामण्डल विधान का शुभारम्भ विधानाचार्य वाल ब्र.मनोज भैया के मार्गदर्शन में हुआ जिसके प्रारम्भ में अभिषेक शान्तिधारा के उपरान्त वेदिका शुद्धि पात्र शुद्धि सकलीकरण इन्द्र प्रतिष्ठा की मांगलिक कियाए हुई। इस दौरान मुनि अविचल सागर महाराज ने कहा जीवन में सिद्धों की अराधना को सातिशय पुण्य का कारण इसके माध्यम से जीवन में सुख शान्ति और व्याधि दूर होती है। उन्होने कहा जहां वोलने से धर्म की रक्षा होती हो प्राणियों का उपकाप होता हो वहां विना पूछे ही वोलना और जहां आपका का हित नहीं हो वहां मौन ही रहना उचित कहा है। उन्होने कहा धन कमाना कठिन है परन्तु उस धन का भी भरोसा नहीं कब चला जाए एक बात का ध्यान रखना धन केवल परिश्रम से नहीं मिलता यदि परिश्रम से मिलता तो मजदूर सबसे ज्यादा धनी होता। धर्मसभा का शुभारम्भ आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के चित्र के सम्मुख दीपप्रज्जवलन श्रावक श्रेष्ठियों ने किया। प्रारम्भ में जैन अटामंदिर से घटयात्रा कलश यात्रा निकली जिसमें महिलाए मंगल कलश लेकर प्रभावना कर रही थी नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए यह यात्रा विधान स्थल पर पहुंची। विधानाचार्य द्वारा मंत्रोच्चार के साथ प्रमुख पात्रो की शुद्धि हुई।

# दस वर्षीय मासूम के साथ दुष्कर्म

*ललितपुर। थाना जखौरा क्षेत्रांतर्गत एक गांव में रहने वाली 10 वर्षीय नाबालिग बालिका के साथ दुष्कर्म किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। प्रकरण को लेकर पीड़िता की मां ने थाने में पहुंच कर शिकायत दर्ज करायी है। वहीं दूसरी ओर थानाध्यक्ष जखौरा उ.नि.राहुल राठौर ने अज्ञात के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। वहीं पीड़ित नाबालिग को चिकित्सीय परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। बताया गया है कि थाना जखौरा अंतर्गत एक गांव में रहने वाली 10 वर्षीय मासूम बालिका जन्म से गूंगी व बहरी है। बताया गया है कि बीती शाम को जब महिला अपने घर पहुंची तो वहां उसकी 10 वर्षीय बालिका लहु-लुहान अवस्था में पड़ी मिली, जिसकी सूचना उसने तत्काल अपने पति को दी। पति के साथ बालिका को लेकर महिला थाने पहुंची, जहां उसने घटनाक्रम से पुलिस को अवगत कराया। पुलिस ने महिला की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 65 (2) व लैंगिक अपराधों से बालिकों का संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा 3/4 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि बालिका को हालत गंभीर होने पर झांसी मेडीकल कॉलेज रेफर किया गया है। यह भी बताया जा रहा है कि पीड़िता की मां मजदूरी करने और पिता मूंगफली बेचने के लिए गया हुआ था।*

# पोते की दादा ने रस्सी से गला घोंटकर की नृशंस हत्या

## जमीन जायदाद बनी हत्या का मुख्य कारण

ललितपुर। जमीन जायदाद में हिस्सेदारी न देने पड़े, बस इसी बात को लेकर एक व्यक्ति ने अपने मासूम पोते की रस्सी से गला घोंट कर उसे मौत के घाट उतार दिया। हत्या के बाद गांव में हड?म्प मच गया। वहीं सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर बच्चे के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ाना पूराकलां अंतर्गत ग्राम उगरपुर के मजरा गीदवर में रहने वाली माया अहिरवार ने बताया कि उसकी पहली शादी थाना बानपुर अंतर्गत ग्राम गमचाई में रहने वाले बबलू अहिरवार के साथ हुयी थी। लेकिन बबलू शराब पीकर आये दिन उससे अभद्रता करता था। बताया कि बबलू के साथ रहते हुये उसके तीन बच्चे हुये थे और बबलू के गलत व्यवहार के कारण उसने एक वर्ष पहले आपसी रजामंदी के चलते रोहित अहिरवार से शादी कर ली। माया का आरोप है कि शादी के बाद से रोहित के पिता प्रीतम अहिरवार इस शादी से खुश नहीं थे। आये दिन प्रीतम अहिरवार उसे पुत्र रोहित अहिरवार को छोड?र भाग जाने के लिए प्रेरित करते थे। माया ने बताया कि वह रोहित से शादी करने पर बबलू से हुये तीन बच्चों में से सबसे छोटे पुत्र मोहित को अपने साथ ले आयी थी। आये दिन ससुर प्रीतम अहिरवार से होने वाले विवाद से आजीज आकर वह अपने दूसरे पति रोहित अहिरवार के साथ रुपये कमाने के लिए झांसी चले गये थे। बताया कि बीती 19 अक्टूबर को जब वह झांसी से घर आये तब भी ससुर से विवाद हुआ था और प्रीतम अहिरवार ने उसे अपनी जमीन जायदाद न देने की धमकी दी। इसके बाद अगले दिन 20 अक्टूबर की शाम करीब साढ़े आठ बजे वह अपने पति रोहित के साथ दुकान पर सौदा लेने के लिए गये हुये थे। तब उनका 6 वर्षीय पुत्र मोहित घर में अकेला था। आरोप है कि इसी समय का लाभ उठाते हुये उसके ससुर प्रीतम अहिरवार ने उसके छोटे पुत्र मोहित का रस्सी से गला घोंटकर मौत के घाट उतार दिया। घटना की सूचना पर पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर प्रीतम अहिरवार के खिलाफ बीएनएस 2023 की धारा 103 (1) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# अखंड सौभाग्य की कामना से सौभाग्यवती महिलाओं ने रखा करवा चौथ निर्जला व्रत



सुरभि व्यास जीरापुर। सौभाग्यवती महिलाओं द्वारा रविवार को अखंड सौभाग्य की कामना से करवा चौथ का निर्जल व्रत रखा गया ! यह व्रत कार्तिक माह की कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को मनाया जाता है ! नगर मैं करवा चौथ महापर्व को लेकर बाजार में काफी भीड़ रही ! मुख्य बाजार में करवा , छलनी , फूल माला , गजरे तथा पूजन समग्री आदि की दुकानो पर महिलाओं द्वारा खरीदारी की गई ! महिलाओं के लिए करवा चौथ व्रत सुहाग का सबसे बड़ा व्रत माना जाता है। यह व्रत महिलाएं पुरी श्रद्धा और विश्वास के साथ रखती है ! इस दिन महिलाएं निर्जला व्रत रखकर अपने पति की दीर्घायु होने की कामना करती हैं ! महिलाओं ने सुबह 4-5 के बीच सरगई कर व्रत प्रारंभ किया और दिन भर निर्जला रहकर पूजा की तैयारी में लगी रही ! इस दिन कुछ घरों में महिलाओं द्वारा शिव-पार्वती तथा गणेश कार्तिकेय की भी पूजा अर्चना की गई ! शाम को महिलाओ ने सोलह श्रृंगार करके शुभ मुहूर्त में पूजन अर्चना करके चंद्रोदय का इंतजार करती रही ! रात को 8.45 पर चंद्रोदय होने के साथ चंद्र दर्शन करके पूजा अर्चना कर पति की दीर्घायु होने की कामना कर जल ग्रहण करके व्रत का पारणा किया।

# शिक्षक शैक्षिक संवाद कार्यक्रम का आयोजन संपन्न हुआ



सुरभि व्यास जीरापुर।संकुल केन्द्र शासकीय हाई स्कूल गागोरनी के अंतर्गत आने वाली समस्त शालाओं के कक्षा 1 और 2 एवं कक्षा 6 से 8 पढ़ाने वाले शिक्षक और शिक्षिका का शैक्षिक संवाद कार्यक्रम दिनांक 19/10/2024 शनिवार को माह अक्टूबर का एकीकृत शासकीय माध्यमिक विद्यालय सूरजपुरा मे समय 2 बजे से 5 बजे तक रखा गया जिसमें कक्षा 1 एवं 2 ओर कक्षा 6 से 8 पढ़ाने शिक्षक शिक्षिका उपस्थित हुए। शिक्षक शैक्षिक

**संवाद में इन विषय पर चर्चा हुई हैं -**

**(1) आकलन (आवधिक) ट्रैकर अपडेट।**

(2) ट्रैकर (संकलन पत्रक) के आधार पर पाठ योजना निर्माण। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जनपद शिक्षा केंद्र जीरापुर से बीएसी रामप्रसाद वर्मा एवं सहजकर्ता के रूप में जनशिक्षक लक्ष्मीनारायण मंडलोई एवं जगदीशप्रसाद पालीवाल ओर सह सहजकर्ता के रूप में शिक्षक कमलेश कारपेंटर एवं कन्हैयालाल कुंभकार उपस्थित रहे।

# मंदिर जाने वाली सड़क का डामरीकरण कराने की मांग

**अधिवक्ता शेरसिंह यादव ने डीएम को भेजा शिकायती पत्र**

ललितपुर। थाना जाखलौन क्षेत्र के ग्राम देवगढ़ निवासी अधिवक्ता शेरसिंह यादव ने एक शिकायती पत्र जिलाधिकारी को भेजते हुये पीडब्ल्युडी विभाग पर कागजी घोड़े दौड़ाते हुये श्रीशिव मंदिर व श्री हनुमान मंदिर के पास सडड़ का डामरीकरण होना बताये जाने और मौके पर जीर्णशीर्ण सडड़ होने का आरोप लगाते हुये जांच कर कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी है। डीएम को दिये शिकायती पत्र में शेरसिंह यादव एड. ने बताया कि पर्यटन स्थल व तीर्थ क्षेत्र देवगढ़ जिला-ललितपुर में दशावतार मंदिर से श्री शिव मंदिर श्री हनुमान मंदिर तक पी.डब्ल्यू.डी. की सड़क डली हुयी है, जिसका डामरीकरण कई वर्षों से नहीं किया गया है। इससे उक्त सड़क जगह-जगह उखड़ गयी है और गड्ढे हो गये हैं, जिससे इस सडड़ पर निकलने में राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस प्रकरण को लेकर पूर्व में भी शिकायती पत्र दिया गया, जिसका निस्तारण कागजों में कर दिया गया, लेकिन मौके पर उक्त सडड़ की स्थिति जस की तस बनी हुयी है। न तो उक्त सडड़ के गड्ढे भरवाये गये हैं और न ही उक्त सडड़ का डामरी करण कराया गया है। जबकि सूत्र बताते हैं कि कागजातों में उक्त सड़क का डामरीकरण सम्बन्धित विभाग द्वारा कई बार करा दिया गया है। ऐसी स्थिति में उक्त सड़क के डामरीकरण की जांच करायी जाकर अविलम्ब डामरीकरण कराये जाने की मांग उठायी गयी है।

# पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है डी.ए.पी.

**अनुज सिंह ठाकुर ब्यूरो रिपोर्ट पुष्पांजलि टुडे ललितपुर**

ललितपुर। जिला कृषि अधिकारी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुये अवगत कराया है कि वर्तमान में जिले में डीएपी 2572 मी. टन उपलब्ध है तथा 1200 मी.टन डी.ए.पी. की रैक सोमवार को रैक प्वाईन्ट पर प्राप्त हुई है। साथ ही 2280 मी. टन 23 अक्टूबर 2024 तक प्राप्त हो जायेगी। इस प्रकार अगले 2 दिनों में लगभग 6000 मी. टन की उपलब्धता हो जायेगी। इस प्रकार जनपद में डी.ए.पी. की कमी नहीं है। इसके अलावा एनपीके उर्वरक 5716 मी. टन उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि जनपद में फास्फेटिक उर्वरक की उपलब्धता कुल 11716 मी. टन है। किसान अपनी खतौनी एवं आधार कार्ड के आधार पर उर्वरक क्रय कर सकते है। उन्होंने किसानों से आह्वान किया है कि एन.पी.के. भी फास्फेटिक उर्वरक है जो डी.ए.पी. जैसा कार्य करता है इसका प्रयोग आप सभी डी.ए.पी. के स्थान पर कर सकते है। इसके प्रयोग से फसल के उत्पादन में कोई अन्तर नहीं आयेगा।

## भारत से 20 छात्र सकुरा कार्यक्रम में भाग लेने के लिए जापान रवाना

**नई दिल्ली।** शिक्षा मंत्रालय का स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग 20-26 अक्टूबर तक 5 अन्य देशों के साथ सकुरा कार्यक्रम 2024 में भाग लेने के लिए 20 स्कूली छात्रों और 2 पर्यवेक्षकों को जापान भेज रहा है। बच्चों को स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग द्वारा सीआईईटी-एनसीईआरटी में आयोजित एक समारोह में साक्षरात विभाग के उप सचिव चरणजीत तनेजा, सीआईईटी-एनसीईआरटी के संयुक्त निदेशक डॉ अमरेंद्र प्रसाद बेहरा और नवोदय विद्यालय की उपायुक्त कीर्ति पंवार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस कार्यक्रम में जापान विज्ञान और प्रौद्योगिकी एजेंसी के प्रबंधक केमोची युकिओ और स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग-शिक्षा मंत्रालय के अधिकारी भी शामिल हुए। ये 20 छात्र (10 लड़के और 10 लड़कियां) नवोदय विद्यालयों से हैं और देश भर से प्रेरणा कार्यक्रम के पूर्व छात्र हैं। ल्लेखनीय है कि युवा शिक्षार्थियों के बीच बौद्धिक क्षितिज और वैज्ञानिक अन्वेषण को विकसित करने के लिए, जापान विज्ञान और प्रौद्योगिकी एजेंसी (जेएसटी) 2014 से जापान-एशिया युवा विज्ञान विनिमय कार्यक्रम को लागू कर रही है, जिसे सकुरा विज्ञान कार्यक्रम के रूप में भी जाना जाता है। भारत को 2015 में सकुरा कार्यक्रम में जोड़ा गया था। छात्रों को कार्यक्रम के तहत जापान की अल्पकालिक यात्राओं के लिए आमंत्रित किया जाता है, जिससे उन्हें जापान के अत्याधुनिक विज्ञान और प्रौद्योगिकी के साथ-साथ इसकी संस्कृति का अनुभव करने का अवसर मिलता है।

## लुमडिंग में संपर्क क्रांति एक्सप्रेस से इंजन हुआ अलग

**गुवाहाटी।** पूर्वोत्तर संपर्क क्रांति एक्सप्रेस का इंजन चलते समय ट्रेन के बाकी हिस्सों से अलग हो गया। जानकारी के अनुसार, इंजन डिब्बों से अलग हो गया, जिससे डिब्बे ट्रैक पर ही रह गए और इंजन आगे बढ़ गया। अचानक इंजन के अलग होने से यात्री दहशत में हो गए। गाड़ी में सिलचर से दिल्ली तक के यात्री सवार थे। घटना के संदर्भ में पूछे जाने पर पूर्वोत्तर सीमा रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी के किशोर शर्मा ने हिन्दुस्थान समाचार को बताया कि ऐसा नहीं था कि चलती हुई गाड़ी का इंजन गाड़ी से अलग हो गया था। उन्होंने कहा कि लुमडिंग जंक्शन पर गाड़ियों का लोको बदला जाता है। लोको बदले जाने के तुरंत बाद इंजन अलग हुआ। तुरंत ही इसे जोड़ दिया गया। उन्होंने कहा कि इस कारण गाड़ी कुल 16 मिनट लेट हुई। यानी 16 मिनट के अंदर अटैच कर इसे फिर से रवाना कर दिया गया। उन्होंने कहा कि इस घटना को कुछ बढ़ा चढ़ाकर पेश किया जा रहा है। ज्ञात हो कि इंजन के अलग होने के बावजूद किसी भी प्रकार की दुर्घटना नहीं हुई। यह घटना लुमडिंग जंक्शन के पास हुई। इंजन अलग होते ही रेलवे अधिकारियों ने त्वरित कार्रवाई की। रेलवे अधिकारियों ने इंजन अलग होने की इस घटना को गंभीरता से लिया है और भविष्य में इससे सीख लेकर लेकल लोको बदलने में अतिरिक्त सावधानी बरती जाएगी।

## चुनाव एनडीए एक साथ लड़ेगा और सरकार भी बनाएगा: हिमंता बिस्वा सरमा

**रांची।** भाजपा के झारखंड प्रभारी और असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि चुनाव एनडीए एक साथ लड़ेगा और सरकार भी बनाएगा। लोजपा के केंद्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान भी चुनाव में एनडीए के प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार करेंगे। एनडीए एक साझा घोषणा पत्र लेकर जनता के पास जाएगा। हिमंता बिस्वा सरमा भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य में एनडीए के सभी घटक मिलकर चुनाव लड़ने वाले हैं और जहां भी जरूरत होगी, वहां चिराग पासवान भी चुनाव प्रचार में आएंगे। कम समय में ही लोजपा (आर) ने राज्य में अपना संगठन अच्छे से खड़ा किया है। निश्चित तौर पर चुनाव में एनडीए गठबंधन सफल होकर सरकार बनाएगा। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि कल ही झारखंड विधानसभा में एनडीए के घटक दलों के बीच सीट शेयरिंग पर सहमति बनी थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हम सभी दल मिलकर राष्ट्रीय स्तर पर चुनाव लड़ते हैं। यह भी तय हुआ है कि हम झारखंड में भी मिलकर चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि हर एक विधानसभा सीट को जीतने के लिए चुनाव लड़ेंगे। पिछले 5 वर्षों से वर्तमान सरकार ने झारखंड के लोगों को धोखा दिया है। लूटा है। इससे झारखंड के लोगों को मुक्ति दिलानी है। झारखंड में बेहतर सरकार बनानी है। झारखंड के मजबूत होने पर प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश भी मजबूत होगा।

## संविधान पर हो रहे चौतरफा हमले, सम्मान के साथ रक्षा की जरूरतः राहुल गांधी

**रांची।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि आज की सच्चाई है कि संविधान के रक्षा की जरूरत है। सिर्फ संविधान का सम्मान करने से नहीं होगा। चारों तरफ से संविधान पर आक्रमण हो रहा है। सिर्फ एक-दो व्यक्ति नहीं, बल्कि अलग-अलग शक्तियां इस पर हमला कर रही हैं। इनका लक्ष्य है संविधान खत्म हो जाये या फिर खोखला बना दिया जाये। गांधी डोरंडा के शौर्य सभागार में सिविल सोसाइटी सहित समाज के सभी वर्गों के साथ संविधान बचाओ सम्मेलन में बोल रहे थे। राहुल गांधी ने संविधान की प्रति दिखाते हुए कहा कि इसको खोखला किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसको लागू तो 1950 में किया गया लेकिन यह समझना जरूरी है कि इसको लागू करने के पीछे सोच हजारों साल पुरानी है। यह भगवान महावीर, भगवान बुद्ध, गुरुनानक समेत उन महापुरुषों की सोच का नतीजा है ।

## वायनाड से प्रियंका गांधी के खिलाफ भाजपा ने नव्या हरिदास को बनाया है उम्मीदवार

**वायनाड।** भाजपा ने केरल के वायनाड में लोकसभा उपचुनाव के लिए नव्या हरिदास को मैदान में उतारा है, जहां वह कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा के खिलाफ चुनाव लड़ेंगी। नव्या हरिदास भाजपा महिला मोर्चा की राज्य महासचिव हैं। वह कोझिकोड निगम में दो बार पार्षद रह चुकी हैं और निगम में भाजपा संसदीय दल की नेता हैं।

वह 2021 में पिछले विधानसभा चुनाव में कोडोकोड दक्षिण निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा के बैनर तले चुनावी मैदान में उतरी थीं, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। नव्या हरिदास पेशे से मैकेनिकल इंजीनियर रही हैं। उन्होंने साल 2007 में केएमसीटी इंजीनियरिंग कॉलेज, कालीकट विश्वविद्यालय से बी.टेक की डिग्री





प्राप्त की है। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) के अनुसार, नव्या पर कोई आपराधिक मामला नहीं है और उनके पास 1,29,56,264 रुपये की संपत्ति है। एडीआर के अनुसार, उन पर 1,64,978 रुपये की कुल देनदारी भी है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा इस साल हुए लोकसभा चुनाव में वायनाड सीट पर जीत हासिल करने के बाद उसे छोड़ने और उत्तर प्रदेश में रायबरेली सीट को बरकरार रखने के बाद यह खाली हुई थी। केरल की वायनाड लोकसभा सीट पर उपचुनाव के लिए कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में प्रियंका गांधी के नाम की आधिकारिक घोषणा हो चुकी है। प्रियंका गांधी वाड्रा 1999 से सक्रिय राजनीति में हैं, लेकिन वह खुद पहली बार चुनावी मैदान में उतर रही हैं। शुरुआत में उन्होंने अमेठी में अपनी मां सोनिया गांधी के लिए प्रचार किया था। उनके भाई राहुल गांधी का वायनाड से गहरा भावनात्मक जुड़ाव है। जहां उन्होंने 2019 के चुनावों के दौरान अपने गढ़ अमेठी में भाजपा नेता स्मृति ईरानी से हारने के बाद जीत हासिल की थी। इसके बाद वायनाड गांधी परिवार के लिए एक महत्वपूर्ण निर्वाचन क्षेत्र बन गया । वायनाड लोकसभा सीट पर नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 25 अक्टूबर है। उम्मीदवारी वापस लेने की आखिरी तारीख 30 अक्टूबर है।

## एनआईए ने बीजापुर के पालनार गांव में की छापेमारी




**एजेंसी**

**रायपुर।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने बीजापुर के गंगालूर थाना क्षेत्र स्थित पालनार गांव में छापेमारी की है। एनआईए की टीम ने व्यापक तलाशी के दौरान कई मोबाइल फोन, सिम कार्ड और आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए हैं। बीजापुर पुलिस की मदद से एनआईए टीम आज सुबह 4 बजे पालनार पहुंची थी। एनआईए द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि यह तलाशी पालनार से दिनेश ताती नामक व्यक्ति की गिरफ्तारी से जुड़े मामले में की गई। ज्ञात हो कि माओवादियों की मदद करने वाले ताती को जून 2023 में बीजापुर पुलिस ने गिरफ्तार किया था। बयान में कहा गया है कि पुलिस ने आरोपित के पास से 10 लाख रुपये नकद और अन्य चीजें जब्त की थीं। बीजापुर के पुलिस अधीक्षक डॉ जितेंद्र यादव ने आज कार्रवाई के बारे में बताया कि एक मामले पर एनआईए की टीम पालनार आई थी। सर्चिंग में हमने उनकी मदद की थी लेकिन इस मामले में हमारे पास अधिक जानकारी नहीं है।

## सिकंदराबाद मंदिर में विरोध प्रदर्शन हिंसक होने पर पुलिस ने किया लाठीचार्ज

**हैदराबाद।** सिकंदराबाद स्थित मुथ्यालम्मा मंदिर के निकट तनाव बढ़ता नजर आ रहा है। क्योंकि मंदिर में हाल ही में हुई तोड़फोड़ के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे कुछ लोगों के हिंसक हो जाने के बाद पुलिस ने लाठीचार्ज किया। मंदिर में हाल ही में हुई तोड़फोड़ की निंदा करने के लिए कुछ दक्षिणपंथी समूहों द्वारा आहूत विरोध प्रदर्शन के दौरान हुई इस घटना में कुछ पुलिसकर्मी और प्रदर्शनकारी घायल हो गए।

मंदिरों पर हमलों के विरोध में बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद ने तेलंगाना बंद का आह्वान किया था। प्रदर्शनकारियों का एक समूह मंदिर के सामने धरने पर बैठ गया और मांग की कि हमले में शामिल व्यक्ति को उनके हवाले किया जाए। उपद्रव तब शुरू हुआ, जब कुछ प्रदर्शनकारियों ने पानी की बोतलें और पत्थर फेंके, इससे कुछ पुलिसकर्मी घायल हो गए। पुलिस ने जवाब में लाठीचार्ज किया। इस बीच, भाजपा ने पुलिस लाठीचार्ज की निंदा की है। इसके विधायक राजा सिंह ने मंदिर में 'शांतिपूर्ण' तरीके से प्रदर्शन कर रहे हिंदुओं पर किए लाठीचार्ज के लिए जिम्मेदार पुलिस अधिकारियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की मांग की। बता दें कि 14 अक्टूबर को एक व्यक्ति मंदिर में



घुस आया और मंदिर की मुख्य मूर्ति को अपवित्र कर दिया। स्थानीय लोगों ने उस व्यक्ति को पकड़ लिया, उसकी पिटाई की और बाद में उसे पुलिस के हवाले कर दिया। दो दिन बाद, पुलिस ने आरोपी की पहचान सलमान सलीम ठाकुर उर्फ सलमान के रूप में की, जो मुंबई के पास मुंब्रा का रहने वाला है। पुलिस जांच में पता चला कि 30 वर्षीय व्यक्ति इस महीने की शुरुआत में एक महीने तक चलने वाली व्यक्तित्व विकास कार्यशाला में भाग लेने के लिए हैदराबाद आया था। 14 अक्टूबर को सुबह करीब 4.30 बजे, वह मार्केट पुलिस स्टेशन की सीमा में कुम्मारगुडा स्थित श्री मुथ्यलम्मा मंदिर के गर्भगृह में घुस गया और मूर्ति को क्षतिग्रस्त कर दिया। मार्केट पुलिस स्टेशन में धारा 333, 331(4), 196, 298 और 299 बीएनएस के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस के अनुसार, सलमान हैदराबाद में इंग्लिश हाउस अकादमी द्वारा आयोजित व्यक्तित्व विकास कार्यशाला में भाग लेने के लिए आया था, जो होटल मेट्रोपोलिस, रेजिमेंटल बाजार, सिकंदराबाद में आयोजित की गई थी। पुलिस ने पाया कि होटल परिसर को शैक्षणिक पाठ्यक्रम चलाने के लिए अवैध रूप से किराए पर लिया गया था, जिसकी कोई औपचारिक अनुमति नहीं है। पुलिस ने कहा कि इसके लिए प्रबंधन के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## राजस्थान में दर्दनाक हादसाः स्लीपर कोच बस ने टेंपो को मारी टक्कर, 11-12 लोगों की मौत

**धौलपुर।** एनएच 11बी पर रविवार को एक भीषण सड़क हादसे में 11-12 लोगों की मौत की सूचना मिल रही है। हादसा सुनीपुर गांव के पास उस समय हुआ जब एक स्लीपर कोच बस ने तेज रफ्तार में एक टेंपो को टक्कर मार दी। मृतकों में पांच बच्चे, तीन बच्चियां, दो महिलाएं और एक पुरुष बताए जा रहे हैं।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार यह दर्दनाक हादसा उस वक्त हुआ जब टेंपो सवार लोग बरौली गांव में एक भात कार्यक्रम में शामिल होकर अपने घर, बाड़ी शहर के गुमट मोहल्ला, लौट रहे थे। अचानक सुनीपुर गांव के पास तेज रफ्तार स्लीपर कोच बस ने टेंपो को सामने से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि टेंपो में सवार ज्यादातर लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मृतकों के शवों को बाड़ी अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है। घटना के बाद पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्य शुरू किया। सभी शवों को बाड़ी अस्पताल की मोर्चरी में भेजा गया है, जहां पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी। दुर्घटना के बाद बस ड्राइवर मौके से फरार हो गया, और पुलिस उसकी तलाश कर रही है। प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि बस चालक ने तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाया, जिसके कारण यह भीषण टक्कर हुई। पुलिस घटना की विस्तृत जांच कर रही है, ताकि हादसे के सही कारणों का पता चल सके और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सके।



इस हृदयविदारक हादसे ने पूरे क्षेत्र को शोक में डूबा दिया है। करवा चौथ वाले दिन मृतकों के परिवारों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। स्थानीय लोग और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचकर मृतकों के परिवारों को सांत्वना देने की कोशिश कर रहे हैं।

## बीजेपी ने सात उपचुनाव वाली सीटों में से छह उम्मीदवार घोषित किए : परिवारवाद और सहानुभूति का कार्ड खेला

**जयपुर।** भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) द्वारा राजस्थान की 7 में से 6 सीटों पर उपचुनाव के लिए उम्मीदवारों की घोषणा ने राजनीतिक हलकों में नई चर्चा छेड़ दी है। यह उपचुनाव सिर्फ सीटों के लिए नहीं, बल्कि राजनीतिक समीकरणों को साधने का भी प्रयास है, खासकर परिवारवाद और सहानुभूति कार्ड के खेल में बीजेपी के इस कदम को देखा जा रहा है।सबसे दिलचस्प फैसला दौसा सीट से किरोड़ी लाल मीणा के भाई जगमोहन मीणा को टिकट देना रहा। यह कदम साफ तौर पर किरोड़ी लाल की नाराजगी को दूर करने और उनके राजनीतिक दबदबे को मजबूत करने के लिए उठाया गया है। किरोड़ी लाल ने कुछ समय पहले इस्तीफा देने की धमकी दी थी, जिसे अब जगमोहन को टिकट देकर शांत करने का प्रयास किया गया है। यह राजनीतिक गणित भाजपा की ओर से अपने नेताओं के परिवारों को संतुष्ट करने के लिए दिख



रहा है, जो कि पार्टी की पारिवारिक राजनीति विरोधी छवि के विपरीत है।

इस कदम से बीजेपी को किरोड़ी लाल के व्यापक प्रभाव वाले मीणा वोट बैंक को मजबूती से साधने का मौका मिला है। इसके अलावा, इससे पार्टी के भीतर की आपसी खींचतान को कम करने का प्रयास भी देखा जा सकता है।

**सलूंबर में सहानुभूति कार्ड**

सलूंबर सीट से शांता देवी को टिकट देकर बीजेपी ने सहानुभूति कार्ड खेला है। दिवंगत विधायक अमृतलाल मीणा की पत्नी शांता देवी को उम्मीदवार बनाकर बीजेपी ने मतदाताओं की भावनाओं को प्रभावित करने की कोशिश की है। यह कदम पिछली बार राजसमंद में किरण माहेश्वरी की बेटी दीप्ति माहेश्वरी की जीत से प्रेरित लगता है। हालांकि, शांता देवी का विवादित इतिहास, जिसमें फर्जी मार्कशीट से जुड़े मामले शामिल हैं, चुनावी दांव को चुनौतीपूर्ण बना सकता है। फिर भी, बीजेपी का यह दांव भावनात्मक वोट बैंक को साधने की दिशा में उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है। बीजेपी ने 5 सीटों पर नए चेहरों को मौका देकर यह स्पष्ट कर दिया है कि पार्टी अपने अंदर बागी तेवरों को दबाने और युवा नेतृत्व को तरजीह देने के लिए तैयार है। देवली-उनियारा में कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला के बेटे विजय बैंसला का टिकट काटकर पूर्व विधायक राजेंद्र गुर्जर को उम्मीदवार बनाना इस दिशा में एक ठोस कदम है। इससे यह संदेश जा रहा है कि बीजेपी पार्टी के भीतर किसी एक नेता या परिवार की पकड़ को कमजोर करते हुए व्यापक प्रतिनिधित्व का प्रयास कर रही है। खींवसर सीट पर रेवंतराम डांगा को एक बार फिर से मौका देना, हनुमान बेनीवाल के खिलाफ उनकी मजबूत चुनौती का परिणाम है। बीजेपी का यह कदम बताता है कि पार्टी उन प्रत्याशियों को मौका देना चाहती है जो प्रभावशाली तरीके से अपने प्रतिद्वंद्वियों का मुकाबला कर सकते हैं।

## परीक्षार्थियों को अब दो दिन पहले और दो दिन बाद तक मिलेगी रोडवेज में निःशुल्क यात्रा सुविधा



**एजेंसी**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार युवाओं के हित में निरंतर कृतसंकल्पित होकर कार्य कर रही है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार आगामी समान पात्रता परीक्षा (सीनियर सेकेंडरी स्तर) में भाग लेने वाले परीक्षार्थियों को अब परीक्षा दिवस के दो दिन पूर्व एवं दो दिन बाद तक निःशुल्क यात्रा सुविधा उपलब्ध करवायी जाएगी। उल्लेखनीय है कि राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम की साधारण एवं द्रुतगामी बसों में राज्य की सीमा के अंदर निःशुल्क यात्रा सुविधा प्रदान की जाएगी। साथ ही, परीक्षार्थी को अब निवास स्थल के साथ ही कोचिंग संस्थान अथवा तैयारी स्थल से परीक्षा केन्द्र तक निःशुल्क यात्रा की शिथिलता प्रदान की गई है। इसके अतिरिक्त राज्य सरकार द्वारा परीक्षार्थियों के आवागमन में सहूलियत को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त बसों की भी व्यवस्था की गई है। इस निर्णय से युवाओं को परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने में सुगमता होने के साथ ही आर्थिक राहत मिल सकेगी।

## अंडमान-निकोबार में अगले 5 दिन तक भारी बारिश का अलर्ट

**नई दिल्ली।** भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने आगामी पांच दिनों के लिए अंडमान निकोबार के लिए अलर्ट जारी किया है। बंगाल की खाड़ी में 21 अक्टूबर को साइक्लोनिक निम्न दवाब क्षेत्र बनने के चलते वहां तेज हवाएं और भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के महानिदेश धनंजय महापात्रा ने बताया कि 21 तारीख को अंडमान सागर में एक निम्न दवाबा का क्षेत्र बन रहा है। यह निम्न दवाब 23 तारीख को उत्तर-पश्चिम दिशा की ओर चल कर एक अधिक निम्न दवाब में तब्दील हो सकता है। इसके प्रभाव में अंडमान सागर में 19-21 अक्टूबर तक 45 किमी. प्रति घंटा की रफ्तार से हवा चलने और भारी बारिश की संभावना है। इसके बाद यह स्थिति 23 अक्टूबर तक बनी रहेगी। इसके प्रभाव में तटीय क्षेत्रों में भारी बारिश की संभावना है, इसलिए मछुआरों के साथ पर्यटकों को भी इन क्षेत्रों में न जाने की सलाह दी गयी है। महापात्रा ने बताया कि उत्तर बंगाल की खाड़ी में 23-25 अक्टूबर तक 60-70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने की संभावना है।

## मुडा मामले में शामिल सभी लोगों के पासपोर्ट जब्त किए जाएंः कर्नाटक भाजपा

**बेंगलुरु ।** कर्नाटक भाजपा ने मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण (मुडा) मामले में शामिल सभी लोगों के पासपोर्ट जब्त करने की मांग की है। विधानसभा में विपक्ष के नेता (एलओपी) आर अशोक ने कहा, +प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण में हुए करोड़ों रुपये के घोटाले की जांच कर रहा है। ईडी के अधिकारियों ने मैसूर में मुडा कार्यालय और तालुक कार्यालय पर छापेमारी कर दस्तावेजों की जांच की और संबंधित अधिकारियों से पूछताछ की है। उन्होंने कहा, ईडी की जांच तेज होने के साथ ही मामला एक और महत्वपूर्ण चरण में पहुंच गया है। सत्ता के सर्वोच्च पदों पर बैठे लोग, उनके परिवार के सदस्य और वरिष्ठ अधिकारी इसमें शामिल हैं, इसलिए यह मामला गंभीर और संवेदनशील दोनों है। भाजपा नेता ने मांग की, निष्पक्ष और पारदर्शी जांच के



लिए, मैं ईडी के निदेशक और कर्नाटक के डीजीपी से अपील करता हूं कि वे मामले में शामिल सभी अधिकारियों, आरोपियों और संभावित गवाहों के पासपोर्ट तुरंत जब्त करें। कर्नाटक लोकायुक्त और ईडी इस घोटाले की जांच कर रही है। याचिकाकर्ता स्नेहमयी कृष्णा पहले ही सीबीआई जांच की मांग को लेकर हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटा चुके हैं। याचिकाकर्ता ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने लोकायुक्त अधिकारी नियुक्त किए हैं और वे मुख्यमंत्री और उनके परिवार के खिलाफ कार्रवाई करने की हिम्मत नहीं जुटा पाएंगे। ईडी अधिकारियों ने रात 11 बजे तक मुडा कार्यालय में तलाशी और जांच की। इस दौरान अधिकारियों ने आयुक्त रघुनंदन और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों से भूमि स्वामित्व और मुख्यमंत्री सिद्दारमैया की पत्नी पार्वती को आवंटन से संबंधित मूल दस्तावेजों के बारे में पूछताछ की।

## योगी ने की प्रदेश में होने जा रहे उपचुनाव की रणनीति की समीक्षा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उपमुख्यमंत्री, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जिला इकाइयों के प्रभारियों और पदाधिकारियों के साथ राज्य भर में नौ विधानसभा सीटों पर होने वाले आगामी उपचुनाव की रणनीति की समीक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में चुनावी परिदृश्य और सभी सीटों पर जीत हासिल करने के उद्देश्य से लक्षित रणनीतियों के विकास पर गहन चर्चा की गई। योगी ने पार्टी के जिला प्रभारियों और पदाधिकारियों को विशिष्ट जिम्मेदारियां भी सौंपीं, जिसमें चुनावों से पहले एक सुसंगत और प्रभावी अभियान के लिए पार्टी की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया गया। बैठक के दौरान योगी ने मंत्रियों और पदाधिकारियों के बीच मजबूत टीम वर्क की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने जोर दिया कि पार्टी नेताओं को आगामी उपचुनाव में अपनी जिम्मेदारियों के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध होना चाहिए और कोई



कसर नहीं छोड़नी चाहिए।

योगी ने कहा कि इन उपचुनावों में जीत न केवल एक राजनीतिक उपलब्धि होगी, बल्कि जनता के विश्वास का भी प्रतीक होगी, उन्होंने सभी से निष्ठा और समर्पण के साथ काम करने का आग्रह किया।

उन्होंने पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को उपचुनाव को बूथ स्तर तक प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने का निर्देश दिया। इस बात पर जोर दिया कि हर सीट महत्वपूर्ण है और इस जमीनी स्तर पर सटीक प्रबंधन और निगरानी की जरूरत है।

उन्होंने नेताओं को अपने समुदायों में सक्रिय रहने और स्थानीय बैठकों के माध्यम से जनता से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया, जिन्हें 'चौपाल' के रूप में जाना जाता है। फिर उन्होंने पार्टी में अधिक विश्वास बनाने के लिए इन सभाओं में जनता के मुद्दों को समझने और संबोधित करने के महत्व पर प्रकाश डाला। इसके अलावा योगी ने मंत्रियों और अधिकारियों को उन जिलों में अधिक समय बिताने का निर्देश दिया जहां उपचुनाव हो रहे हैं। उन्होंने स्थानीय निवासियों के साथ सीधा संवाद स्थापित करने, उनकी चिंताओं को सुनने और त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के महत्व पर जोर दिया। योगी ने स्थानीय जिला अधिकारियों के साथ समन्वय के माध्यम से चुनावी तैयारियों को बढ़ाने का आह्वान किया। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने भी पार्टी की तैयारियों की समीक्षा की और सभी कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने घोषणा की कि पार्टी सभी नौ सीटों पर चुनाव लड़ने के लिए पूरी तरह तैयार है और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में उपचुनाव में पूरी मजबूती के साथ उतरेगी।

## पेपर लीक का बड़ा खुलासा : एसओजी ने 30 स्थानों पर दबिश देकर 28 संदिग्धों को किया गिरफ्तार

**जयपुर।** राजस्थान की धरती पर एक बार फिर से भ्रष्टाचार का काला खेल उजागर हुआ है, जब राजस्व अधिकारी ग्रेड-II और अधिशाषी अधिकारी वर्ग-IV (स्वायत्त शासन विभाग) की प्रतियोगी परीक्षा-2022 में पेपर लीक का मामला सामने आया। इस घोटाले में 28 टीमों ने समन्वय कर 30 स्थानों पर दबिश देकर कुल 28 संदिग्धों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार संदिग्धों में आधे दर्जन से ज्यादा सरकारी कर्मचारी शामिल हैं। यह सब तब शुरू हुआ जब राजस्थान लोक सेवा आयोग ने 14 मई 2023 को दो चरणों में परीक्षा का आयोजन किया। परीक्षा के बाद, जब आयोग ने अभ्यर्थियों की पात्रता जांच की, तो गड़बड़ियों के संकेत मिले। खासकर, खजवाना गांव के 6 अभ्यर्थियों की सामान्य जानकारी देखकर आयोग के अधिकारी चौंक गए। इस पर सचिव ने एसओजी को एक गोपनीय रिपोर्ट भेजी, जिसके बाद जांच का एक नया अध्याय शुरू हुआ। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, एटीएस एवं एसओजी, श्री वी.के. सिंह के निर्देशन में गठित जांच कमेटी ने तकनीकी विश्लेषण और फील्ड वेरिफिकेशन के माध्यम से यह पता लगाया कि तुलछाराम कालेर और उसके साथियों ने परीक्षा से पहले पेपर लीक कर दिया था। बताया जा रहा है कि अभ्यर्थियों को ब्लूटूथ के माध्यम से नकल करवाने की योजना बनाई गई थी। जांच में पता चला कि इस पेपर लीक में 15 ज्ञात और 8 अज्ञात अभ्यर्थियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। 28 टीमों ने समन्वय कर 30 स्थानों पर दबिश देकर कुल 28 संदिग्धों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार संदिग्धों में आधे दर्जन से ज्यादा सरकारी कर्मचारी शामिल हैं, जो यह दर्शाता है कि इस घोटाले में सिस्टम के भीतर की गंदगी कितनी गहरी है।जांच के दौरान डमी कंडीडेट के माध्यम से परीक्षा देने और फर्जी डिग्री के संबंध में भी शिकायतें मिली हैं। इस पूरे मामले में एक विशेष दल का गठन किया गया है, जो आगे की जांच करेगा। यह मामला केवल एक परीक्षा का नहीं, बल्कि एक ऐसे बड़े नेटवर्क का है जो सरकारी भर्ती परीक्षाओं को अपनी जद में ले चुका है। राजस्थान में चल रहे इस घोटाले ने एक बार फिर से इस सवाल को उठाया है कि क्या हमारी सरकारी प्रणाली में ऐसे भ्रष्टाचार के खिलाफ कोई ठोस कदम उठाए जा रहे हैं यह मामला हमें याद दिलाता है कि अगर हम सचाई के साथ खड़े नहीं हुए, तो हमारा भविष्य भी संदेह के घेरे में रहेगा। इस बार प्रशासन ने सख्ती दिखाई है, लेकिन क्या यह एक स्थायी समाधान होगा

## दिव्य कला मेला दिव्यांगजनों के आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण का माध्यमः डॉ वीरेन्द्र कुमार

**जबलपुर।** दिव्यांगजनों द्वारा तैयार उत्पादों के प्रदर्शन के लिए जबलपुर में आयोजित देश के 21वें दिव्य कला मेला का केन्द्रीय समाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ वीरेन्द्र कुमार ने औपचारिक शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि दिव्य कला मेला दिव्यांगजनों के आर्थिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक सशक्तिकरण की दिशा में उठाया गया अनूठा कदम है। उन्होंने कहा कि संस्कारधानी जबलपुर के नागरिक बड़े दिल वाले हैं और मेले में आये दिव्यांगजनों को उनका भरपूर प्रोत्साहन और स्नेह मिलेगा। मेले में शामिल हो रहे प्रतिभागी संस्कारधानी की मधुर स्मृतियां लेकर यहां से जाएंगे।

दिव्य कला मेले के उद्घाटन समारोह में प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह, विधायक अशोक रोहाणी, प्रदेश के निश्शक्तजन आयुक्त संदीप रजक, कलेक्टर दीपक सक्सेना, राष्ट्रीय दिव्यांगजन वित्त एवं विकास निगम के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक नवीन शाह एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय केन्द्र शासन के संयुक्त सचिव राजीव शर्मा भी मौजूद थे। एमएलबी स्कूल के खेल मैदान में 17 अक्टूबर से आयोजित किये जा रहे ग्यारह दिन के इस मेले में देश के 12 राज्यों के दिव्यांगजनों द्वारा अपने उत्पादों के प्रदर्शन किया जा रहा है। इस दिव्य कला मेले में दिव्यांगजनों के उत्पादो एवं शिल्प कौशल के प्रदर्शन के लिए करीब 100 स्टॉल लगाये गये हैं।

## एक नजर...

### 80 किसानों से 2.61 करोड़ की धोखाधड़ी: सनावद क्षेत्र से कपास खरीदी कर व्यापारी फरार; एसपी ने दिए FIR के निर्देश

खरगोन में कपास उत्पादक किसानों से 2 करोड़ 61 लाख रुपए की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। 80 किसानों से कपास खरीदी कर व्यापारी फरार हो गया। किसानों ने सोमवार दोपहर 2 बजे कलेक्टर कर्मवीर शर्मा और एसपी धर्मराज मीणा से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की।इस दौरान उन्होंने कहा- सालभर से परेशान है। अगर सुनवाई नहीं होती है तो धरना और भूख हड़ताल का सहारा लेना पड़ेगा। इस दौरान बड़ी संख्या में महिला किसान भी शामिल हुई। मामले में एसपी ने एफआईआर के निर्देश दिए हैं।

**कार्रवाई नहीं होने पर देंगे धरना**–पीड़ित नंदराम बिरले और अन्य किसानों ने एसपी को शिकायत में बताया सनावद क्षेत्र के आसपास के गांव के किसानों से व्यापारी अखिलेश पिता राधेश्याम ने 2 करोड़ 61 लाख रुपए की कपास खरीदी की थी।इसके साल भर उनके बाद भी रुपया नहीं चुकाया। व्यापारी ने प्रेम प्रकाश जिनिंग कांटे पर तुलाई की। उनके पास तोल कांटे की पर्ची और व्यापारी का बिल, जीनिंग का जीएसटी नंबर भी है। उन्होंने कहा कि सालभर से आर्थिक परेशानी उठा रहे हैं। भारतीय मजदूर किसान संघ के मालवा प्रचार मंत्री गोपाल पाटीदार ने कहा- कार्रवाई नहीं होगी तो कलेक्टर-एसपी ऑफिस में धरना देंगे।

**सालभर से परेशान, कोई सुनवाई नहीं**–पीडित किसानों ने बताया सालभर से सनावद थाने, तहसील और एसडीएम कार्यालय बड़वाह-सनावद के चक्कर काट रहे हैं। टीआई भी परेशानी सुनने को तैयार नहीं है। परेशान होकर एसपी ऑफिस में बात रखने आना पड़ा। आर्थिक स्थिति खराब हो चुकी है।

**4 माह पहले आया था 4.37 करोड़ का मामला**–किसानों ने बताया कि 4 माह पहले सनावद मंडी में 4 करोड़ 37 लाख रुपए के चना खरीदी कर एक व्यापारी के फरार होने का मामला सामने आया था। तब किसानों ने शासन प्रशासन स्तर पर कड़ी कार्रवाई की मांग की थी। कृषि मंत्रालय तक मामला पहुंचा था। व्यापारी की चल अचल संपत्ति नीलामी से भुगतान आदेश जारी हुए।

### खरगोन में मनाया पुलिस शहीद स्मृति दिवस: अमर शहीद स्मारक पर दी श्रद्धांजलि; शहीद प्रधान आरक्षक के परिजन का हुआ सम्मान

खरगोन में सोमवार को पुलिस स्मृति शहीद दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान सुबह 9 बजे जिला पुलिस लाईन में परेड का आयोजन हुआ। इसमें अपने कर्तव्य का पालन करने में शहीद हुए पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि दी गई।पूर्व राज्यमंत्री और खरगोन विधायक बालकृष्ण पाटीदार, डीआईजी सिद्धार्थ बहुगुणा, कलेक्टर कर्मवीर शर्मा, एसपी धर्मराज मीणा सहित प्रबुद्ध वर्ग ने पुलिस लाईन में अमर शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित किए। इसके बाद जिले के शहीद प्रधान आरक्षक बसंत वर्मा के परिजनों को पूर्व राज्य मंत्री और कलेक्टर ने शॉल-श्रीफल देकर सम्मानित किया।

### पुलिस शहीद दिवस मंत्री सहित सभी विधायकों ने स्मृति दिवस पर शहीदों को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

रायसेन। प्रदेश के चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल सहित सांची के भाजपा विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी भोजपुर विधायक सुरेन्द्र पटवा बीजेपी जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा, विधायक प्रतिनिधि जमना सेन ने सोमवार को पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन रायसेन में आयोजित पुलिस परेड कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। इस अवसर पर एसपी पंकज पांडे एएसपी कमलेश कुमार खरपुसे एसडीओपी रायसेन प्रतिभा शर्मा गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।स्वास्थ्य राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि 21 अक्टूबर का दिन उन 216 शहीद पुलिसकर्मियों अधिकारियों की याद दिलाता है, जिन्होंने देश की आंतरिक सुरक्षा और एकता के लिए अपने कर्तव्यों की बलिवेदी पर प्राणों की आहुति दी।

# गरबा प्रतियोगिता महोत्सव में झलकी देश के विभिन्न प्रांतों की संस्कृति-बेलवेदर इंटरनेशनल स्कूल में हुआ भव्य आयोजन

रिपोर्ट आदर्श दुबे
दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

भारतीय ज्ञान परम्परा के संवर्धन एवं विकास के लिए बेलवेदर इंटरनेशनल स्कूल शहडोल में गरबा प्रतियोगिता महोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें शहडोल सम्भाग की कुल सत्रह गरबा टीमों ने विभिन्न रूपों में गरबा प्रतियोगिता में अपनी प्रस्तुति दी। समारोह की मुख्य अतिथि विधायक जयसिंहनगर श्रीमती मनीषा सिंह रहीं, अध्यकता भारतीय जनता पार्टी जिला महिला मोर्चा अध्य्क्ष श्रीमती उर्मिला कटारे ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री मनोज गुप्ता संचालक टी वी एस, श्री सुशील शर्मा एवं प्रतिष्ठित मातृ शक्तियां उपस्थित रहीं। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि, अध्यक्ष एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा माता की पूजा अर्चना के साथ दीप प्रज्जवलन किया गया। बेलवेदर इंटरनेशनल स्कूल शहडोल



की डायरेक्टर सुश्री फातिमा वोहरा एवं प्राचार्य श्रीमती रानी पुनम्मा द्वारा अतिथियों एवं निर्णायकों का स्वागत किया गया। डायरेक्टर सुश्री फातिमा वोहरा द्वारा बेलवेदर इंटरनेशनल स्कूल के लक्ष्यों,गतिविधियों एवं मूल्यों पर प्रकाश डाला, साथ ही यह भी बताया कि यह स्कूल खेल गतिविधियों के माध्यम से फिट इंडिया मूवमेंट के लिए भी संकल्पित है। इसके पश्चात गरबा प्रतियोगिता महोत्सव में टीमों की प्रस्तुति हुई, जिसमें सभी टीमों ने देश के विभिन्न प्रांतों की वेशभूषा एवं सज्जा में गरबा का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर दर्शकों का भरपूर प्रोत्साहन प्राप्त किया। गरबा प्रतियोगिता महोत्सव के साथ ही स्कूल में डूड फेस्टिवल का आयोजन भी किया गया, जिसका संचालन विद्यालय के विद्यार्थियों ने किया। प्रतियोगिता के कुशल निर्णायकों के निर्णयन के द्वारा प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त टीमों को पुरुस्कार प्रदान किये गए एवं स्कूल का चिन्ह भेंट किया गया।आभार प्रदर्शन विद्यालय परिवार के द्वारा किया गया।

# समान थाने के पुलिसकर्मी की गुंडागर्दी एक बार फिर उजागर आरक्षक अमित सिंह पर लगे मारपीट के गंभीर आरोप,FIR से नाम गायब

**बीते कुछ दिन पहले थाने के अंदर मारपीट की घटित हो चुकी है घटना जिसका वीडियो भी हो रहा था वायरल**

रीवा। शहर के समान थाने में पदस्थ पुलिस कर्मी अमित सिंह सहित अन्य पर लगा मारपीट करने का गंभीर आरोप पुलिस ने स्त्रढ्ढक्रमें नही दर्ज किया आरक्षक अमित सिंह का नाम फरियादी पियुष विश्वकर्मा पिता रामकृपाल विश्वकर्मा उम्र 25 वर्ष निवासी रतहरी थाना समान जिला रीवा का रहे बाला है। पीड़ित ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया की बीती रात 20/10/24 को रात करीबन 11.30 बजे अपनी बहन के घर बेलहा से अपने घर रतहरी जा रहा था जैसे ही जेएनसिटी कालेज के सामने ओव्हर ब्रिज के नीचे पहुंचा तभी वही पास अमन मिश्रा, मनीष यादव मुझे मिले और पुराने विवाद को लेकर मुझे अश्लील गालिया देने लगे तब मै गाली देने से मना किया तो लाठी डंडा लोहे की राड से मेरे साथ मारपीट करने लगे इतने मे समान थाने के आरक्षक अमित सिंह, अभिषेक पटेल उर्फ लाल बादशाह, अतुल पटेल भी वहा पर आ गये। और मुझसे लपट कर लात घूसो तथा बेल्ट से मारपीट करने लगे तब मै हल्ला गोहार



किया तो अंकित साकेत एवं आस पास के लोग आकर बीच बचाव करने लगे तभी सभी लोग धमकी दिये की दुबारा मिलोगे तो जान से खत्म कर देगे और वहा से भाग गये मारपीट से मेरे बाये हाथ के बहुका, पीठ मे, दाये पैर में चोटे आई है। मारपीट में घायल पीयूष ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि इस पूरे घटनाक्रम के बाद खुद अमित सिंह मुझे थाने लेकर आया और उस समय जादा मारपीट के चलते मेरी तबियत बिगड़ने लगी तभी थाने में रात्रि में ड्यूटी कर रहे मुंसी ने कहा अमित तुम छुट्टी में इसे कहा लेकर आये हो ये मर जायेगा इसे अस्साल ले जाओ इसके बाद कुछ ही देर में पीड़ित के माता पिता थाने पहुचे और डायल 100 की मद्त से बिछिया अस्साल लेकर गए जहा डाक्टरो ने मारपीट में घायल युवक को तत्काल ही संजय गांधी अस्पताल में रेफर कराने की बात कही इस घटना की अगली सुबह पीड़ित शिकायत लेकर सामान थाने जाता है। तो थाने में कई घंटों तक उसे बैठाए रखा गया पीड़ित पीयूष का आरोप है। की मेरी शिकायत पर बताए गए आरोपियों का नाम सामान पुलिस ने नहीं दर्ज किया जबकि मेरे साथ समान थाने में पदस्थ आरक्षक अमित सिंह और उसके अन्य साथियों ने जमकर मारपीट की है। समान थाने के पुलिस ने आरोपी पुलिस कर्मी अमित सिंह का नाम स्त्रढ्ढक्र में दर्ज नहीं किया है।पीड़ित ने आरोप लगाते हुए बताया कि समान थाने के पुलिस कर्मी अमित सिंह की नशे के कारोबारियों और अपराधियो से है संलिप्तता अगर इनके मोबाइल नंबर की काल डिटेल और टावर लोकेशन निकाली जाए तो दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। आगे पीड़ित ने बताया कि मैं इस घटना की पुलिस अधीक्षक और रीवा जोन के आईजी से करूंगा जब तक हमें न्याय नहीं मिल जाता है। जब इस घटनाक्रम की जानकारी मीडिया के द्वारा रीवा जिले के पुलिस अधिकारी व सामान थाने के पुलिस अधिकारियो से लेने का प्रयास किया गया तो ष्द्ध ड्यूटी की व्यस्तता के चलते पुलिस की तरफ से कोई अधिकरिक जानकारी नही मिल पाई है।



# कदमताल करते हुए निकले स्वंयसेवक

सिलवानी। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी विजयदशमी पर राष्टीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा सिलवानी नगर में विशाल पथ संचलन का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे। स्वंयसेवको का पथसंचलन एकत्रीकरण एवं भगवाध्वज ओर घोष दल के साथ सी.एम.राइस स्कूल से प्रारंभ हुआ। जिसमें सभी स्वयंसेवक हाथों में लाठियां लेकर साथियों हो जाओ तैयार गीत सहित अन्य राष्टीय गीतों के उदघोष के साथ बैंडबाजों की धुन पर कदम से कदम मिलते हुए चल रहे थे ।पथसंचलन सिलवानी -भोपाल मार्ग से होते हुए पुराना बस स्टैंड , गांधी आश्रम पुराना बस स्टैंड,गाँधी चौक, सरस्वती नगर से होकर पुनः सीएम राइज स्कूल ग्राउंड पर पहुंचा ।पथ संचलन के दौरान नगर में जगह -जगह सभी मार्गों पर पुष्पवर्षा के साथ भव्य स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम में विभाग सह संघ चालक एवं खण्ड संघ चालक उपस्थित रहे । जिसमें मुख्य वक्ता ने संघ के विभिन्न कार्यों एवं विचारधारा पर प्रकाश डालते हुए देवी अहिल्याबाई होलकर जी के जीवन के कई प्रसंगों से प्रेरणा लेने की बात कही । उन्होंने बताया कि संघ शताब्दी वर्ष में प्रवेश कर रहा है । संघ पंच परिवर्तन लेकर अलग-अलग वर्गों को मिलाकर समरसता , पर्यावरण एवं जन जागरण कर हिंदू समाज को एकजुट करने के लिए संकल्पित है ।संघ के द्वारा समाज में पंच परिवर्तन करने की बात करते हुए स्वंयसेवकों से आव्हान किया कि सभी में समरसता ओर एकता हो ताकि समाज अपने आदर्श रूप को प्राप्त हो सके।

# ग्वालियर गीत समारोह 2024 के गीत यामिनी सप्तम कलश का आयोजन हुआ सम्पन्न, सुमधुर गीतों की प्रस्तुति के साथ




**महेंद्र शर्मा उप संपादक पुष्पांजलि टुडे**

ग्वालियर। सी.पी.कॉलोनी, मुरार, ग्वालियर स्थित एक निजी विद्यालय में ग्वालियर गीत समारोह÷ के गीत यामिनी- सप्तम कलश के आयोजन में सुंदर एवं सुमधुर गीतों की प्रस्तुति हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार कृष्ण मुरारी शर्मा ने की। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ.के .आर. चौबे, सारस्वत अतिथि डॉ.सुरेश सम्राट एवं विशिष्ट अतिथि द्वय पुष्पा सिसौदिया एवं प्रकाश मिश्र उपस्थित रहे । प्रारम्भ में अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किया गया। सरस्वती वंदना सुमधुर स्वर में करुणा सक्सेना ने प्रस्तुत की। तत्पश्चात् अतिथियों का माल्यार्पण कर व बेज लगाकर स्वागत किया गया। इसी क्रम में गीतकार डॉ. सुरेश लखनऊ ,विनोद श्रीवास्तव कानपुर, भगवती प्रसाद कुलश्रेष्ठ मुरैना, राम अवतार तोमर ÷रास÷ ग्वालियर ,डॉ.करुणा सक्सेना ग्वालियर ,सुरेंद्र पाल सिंह कुशवाह, ग्वालियर, डॉ. संकल्प श्रीवास्तव ग्वालियर, डॉ.मधुलिका सिंह ग्वालियर आदि का माल्यार्पण कर व बैज लगाकर स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में रामचरण ÷रुचिर÷ ,महेंद्र मुक्त,राजहंस त्यागी, सरिता चौहान, आरती अक्षत, जगमोहन श्रीवास्तव, वरिष्ठ गीतकार घनश्याम भारती , वरिष्ठ गीतकार ललित मोहन त्रिवेदी एवं अनंगपाल सिंह भदौरिया ÷अनंग÷ आदि रहे। स्वागत भाषण कार्यक्रम संयोजक बृजेश चंद्र श्रीवास्तव ने प्रस्तुत किया। इस सत्र का संचालन राम लखन शर्मा अंकित ने किया। गीतों के संबंध में अपनी बात एवं भूमिका डॉ.मंदाकिनी शर्मा ने प्रस्तुत की। अगले क्रम में एक से बढ़कर एक गीतों की बानगी प्रस्तुत की गई, जिससे पूरा सदन आनंदित व आह्लादित हो गया। इस सत्र में प्रथम गीतकार के रूप में डॉक्टर मधुलिका सिंह ने दो गीत प्रस्तुत किए, जिसमें एक गीत श्रोताओं के आग्रह पर उन्होंने अपने पिता स्वर्गीय जगदीश सिंह परमार द्वारा लिखित प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में पढ़े गए गीतों के हंस प्रकार हैं।

**सोने के पिंजरे में बंद हुई मैना**–अर्थहीन हुए सभी प्यार भरे बैना।÷अगले क्रम में ग्वालियर के ही गीतकार सुरेंद्र पाल सिंह कुशवाह ने गीत प्रस्तुत करते हुए खूब वाहवाही लूटी। गीत पढ़ते हुए उन्होंने कहा, चाँदनी आई बजाती पेंजनी, फिर उतारे पल टंगे जो अरगनी।÷ इसी क्रम में ग्वालियर के वरिष्ठ गीतकार राम अवतार सिंह राशि ने अपने गीतों की प्रस्तुति देते हुए कहा, मैं नदी हूँ, है अलग अस्तित्व मेरा, तुम दिखावे के सिवा कुछ भी नहीं हो।÷ इसी के साथ उन्होंने अन्य गीतों की प्रस्तुति दी एवं खूब तालियां बटोरी। कार्यक्रम का संचालन कर रही डॉक्टर करुणा सक्सेना ने भी अपने शब्दों की जादूगरी से जी तो मैं खूब समां बांधा ।
÷कह दे अतुल-नवीन, सुकवि वह कहलायेगा।
भाषा सफल प्रवीन, सुमधु वह छलकायेगा।
कथन सुमेलित काज, प्रसन्नित करती पड़त समझ ले भान, हृदय से झरती कविता।÷ इसके पश्चात् युवा गीतकार डॉक्टर संकल्प श्रीवास्तव ने अपने सुमधुर श्रंगार गीतों की प्रस्तुति से सदन में खूब वाहवाही लूटी एवं तालियां बटोरीं। कृपया देखें।
हो रहीं उन्नत महत्वाकांक्षाएं ,
भाव हैं कि क्षीण होते जा रहे हैं।
लक्ष्य नित विस्तार लेता जा रहा है
किंतु पथ संकीर्ण होते जा रहे हैं।
अगले क्रम में मुरैना से पधारे भगवती प्रसाद कुलश्रेष्ठ ने अपना गीत प्रस्तुत किया। जो इस प्रकार है।
गांव छोड़कर जो गई शहर को लौट नहीं पाए।
इसके पश्चात् वरिष्ठता के क्रम में लखनऊ से पधारे सुमधुर गीतकार डॉ. सुरेश - ने चार गीत प्रस्तुत कर खूब वाहवाही लूटी। जो इस प्रकार हैं।
वैसे तो दिल दुख का दरिया है मैं पानी का पहरेदार।
÷ आना है तो जाना है दिन दो चार के, हम पंछी उसे पर के हमको क्या रोकेंगी दुनिया हम पंछी उसे पर के।÷
÷सिक्के नहीं हाथ में उछ्लें, रहें किसी की जेब में,इंसा होकर जिनकी काटी, माना थोड़े ऐब में।÷ इसी क्रम में विनोद श्रीवास्तव, कानपुर ने बहुत सुंदर गीत प्रस्तुत किए, जिससे पूरे सदन को वाहवाही के लिए वाध्य कर दिया। जो इस प्रकार हैं। .कौन मुस्काया शरद के चांद-सा, सिंधु जैसा मन हमारा हो गया । एवं शाम-सुबह महकी हुई, देह बहुत



बहकी हुई, ऐसा रूप कि बंजर-सा मन चंदन -चंदन हो गया। इन गीतों को सुनकर पूरा सदन तालिया से गड़गड़ा उठा। इस सत्र का संचालन डॉक्टर करुणा सक्सेना ने किया। इस अवसर पर डॉ.मंदाकिनी शर्मा वरिष्ठ गीतकार, डॉ कुमार संजीव, अध्यक्ष मध्यभारतीय हिन्दी साहित्य सभा, राम चरण चिराड़ ÷रुचिर÷ प्रचार-प्रसार मंत्री, मध्यभारतीय हिन्दी साहित्य सभा,वरिष्ठ गीतकार घनश्याम भारती ,ललित मोहन त्रिवेदी, डॉ .किंकर पाल सिंह जादौन,गीतकार बृजेश शर्मा ,रोशन मनीष, कवि रवींद्र रवि,डॉ रमेश चंद्र त्रिपाठी मछंड, गीतकार प्रदीप पुष्पेंद्र, आलोक शर्मा , विन्द्रावन मेवाड़,सरिता चौहान, पुष्पा सिसोदिया, पुष्पा मिश्रा ÷आनंद÷ , प्रतिपाल सिंह राजावत, चेतना चौहान, रोशन मनीष, महेंद्र मुक्त, राज हंस त्यागी, दिनेश ÷विकल ÷ ,डॉक्टर उर्मिला त्रिपाठी, अनुभवी शर्मा, श्वेता गर्ग, रमेश ÷निर्झर÷,विद्यालय (संस्था) प्रमुख राहुल श्रीवास्तव सहित शहर के अनेक गणमान्य जन ,कवि,कवियत्री एवं साहित्यकार एवं गणमान्य श्रोतागण उपस्थित रहे। कार्यक्रम बहुत ही उत्कृष्ट एवं सराहनीय रहा ।कार्यक्रम के अंत में सभी का आभार प्रदर्शन जगदीश महामना ने किया। कार्यक्रम की समाप्ति पर सभी ने स्वादिष्ट खीर का आनंद लिया।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478